NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 198 लखनऊ, बुधवार 11 मार्च 2026 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## विश्व भर में चिंताजनक हालात के बीच मोदी केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिये कई बड़े और अहम फैसले

एजेंसी।
दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए कई बड़े परिवहन प्रकल्पों को भी मंजूरी दी है। मध्य प्रदेश में उज्जैन को दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले बदनावर पेटलावद थांदला तिमरवानी मार्ग को चार लेन में विकसित करने की योजना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आज कई अहम फैसले लिये गये। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक ढांचे, आधारभूत संरचना और जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं संबंधी जो निर्णय लिये हैं वह दर्शा रहे हैं कि केवल विकास परियोजनाओं की घोषणा नहीं की जा रही है बल्कि उन्हें विकसित भारत के दीर्घकालिक लक्ष्य से जोड़ते हुए क्षेत्रीय संतुलन, सामाजिक सशक्तिकरण और राजनीतिक संदेश को भी साधने की कोशिश की जा रही है। सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में ग्रामीण जल आपूर्ति को लेकर जल जीवन मिशन को वर्ष 2028 तक बढ़ाने और उसके लिए आठ लाख उनहत्तर हजार करोड़ रुपये का विशाल प्रावधान करना शामिल है। इस योजना का उद्देश्य अब केवल पाइपलाइन बिछाना नहीं बल्कि हर गांव में टिकाऊ जल सेवा व्यवस्था स्थापित करना है। सुजल भारत नामक राष्ट्रीय डिजिटल ढांचा बनाकर हर गांव की जल व्यवस्था को स्रोत से नल तक डिजिटल रूप से भी जोड़ा जायेगा। हम आपको बता दें कि वर्ष 2019 में देश के केवल 17 प्रतिशत ग्रामीण घरों में नल का जल पहुंचा था, जबकि अब यह आंकड़ा 81



प्रतिशत से अधिक हो चुका है। इस विस्तार ने ग्रामीण जीवन में बड़ा बदलाव किया है। अध्ययन बताते हैं कि करोड़ों महिलाएं रोज पानी लाने के श्रम से मुक्त हुई हैं और अब वे शिक्षा, रोजगार और अन्य आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी कर पा रही हैं। स्वास्थ्य पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है क्योंकि स्वच्छ जल से जल जनित रोगों में कमी आयी है। जल जीवन मिशन 2.0 के माध्यम से सरकार ग्रामीण भारत में चौबीसों घंटे जल आपूर्ति का लक्ष्य तय कर रही है, जो विकसित भारत की आधारभूत आवश्यकता मानी जाती है। इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए कई बड़े परिवहन प्रकल्पों को भी मंजूरी दी है। मध्य प्रदेश में उज्जैन को दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले बदनावर पेटलावद थांदला तिमरवानी मार्ग को चार लेन में विकसित करने की योजना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लगभग अस्सी किलोमीटर लम्बे इस गलियारे से यात्रा समय कम होगा और माल ढुलाई सस्ती होगी। आदिवासी बहुल धार और झाबुआ जिलों में यह परियोजना स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देगी तथा उद्योग केन्द्रों से संपर्क मजबूत करेगी। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश और हरियाणा में जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए हरित क्षेत्रीय संपर्क मार्ग के निर्माण को भी मंजूरी दी गयी है। लगभग 31 किलोमीटर लम्बा यह मार्ग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बहु परिवहन संपर्क को मजबूत करेगा। इसके माध्यम से दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से जेवर हवाई अड्डे तक तेज आवागमन संभव होगा, जिससे क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन और निवेश को नई गति मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, रेल क्षेत्र में भी मंत्रिमंडल ने पश्चिम बंगाल और झारखंड के पांच जिलों में दो बहु पटरी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। सैंथिया पाकुर और संतरागाछी खड़गपुर मार्गों पर चौथी पटरी बनने से रेल नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी और भीड़भाड़ कम होगी। इन परियोजनाओं से लगभग पांच हजार से अधिक गांवों को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा। साथ ही कोयला, इस्पात, अनाज और अन्य वस्तुओं की ढुलाई तेज और सस्ती होगी। रेल परिवहन के विस्तार से तेल की खपत और कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आयेगी, जो पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है।इसके अलावा, दक्षिण भारत में पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए तमिलनाडु के मदुरै हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने का फैसला भी विशेष महत्व रखता है। मदुरै प्राचीन मंदिरों और तीर्थ यात्राओं का प्रमुख केन्द्र है। अंतरराष्ट्रीय दर्जा मिलने से विदेशी यात्रियों की संख्या बढ़ेगी, जिससे पर्यटन उद्योग, होटल व्यवसाय और स्थानीय रोजगार को लाभ होगा। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाये तो पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु से जुड़े ये निर्णय आने वाले विधानसभा चुनावों के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में रेल परियोजनाओं के माध्यम से सरकार ने ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे के विस्तार का संदेश दिया है। बेहतर रेल संपर्क से व्यापार, पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़ने की संभावना है, जिससे मतदाताओं के बीच विकास की सकारात्मक छवि बन सकती है।
तमिलनाडु में मदुरै हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने का निर्णय भी राजनीतिक रूप से रणनीतिक माना जा रहा है। दक्षिण तमिलनाडु लंबे समय से अधिक निवेश और बेहतर संपर्क की मांग करता रहा है। इस निर्णय से क्षेत्रीय गर्व और आर्थिक अपेक्षाओं दोनों को सम्बोधित किया गया है। इससे केंद्र सरकार यह संदेश देना चाहती है कि दक्षिण भारत के विकास में भी उसकी समान प्रतिबद्धता है। कुल मिलाकर इन सभी फैसलों को एक साथ देखें तो स्पष्ट होता है कि सरकार ग्रामीण जल सुरक्षा, परिवहन संपर्क, पर्यटन और क्षेत्रीय विकास जैसे कई मोर्चों पर एक साथ काम कर रही है।

## जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एयरोड्रम लाइसेंस, संचालन की दिशा में बड़ा कदम

संवाददाता।
लखनऊ, । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंगलवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से जारी एयरोड्रम लाइसेंस प्रस्तुत किया। इसके साथ ही जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण चरण पूरा हो गया है। लाइसेंस मिलने के बाद अब एयरपोर्ट के उद्घाटन और वाणिज्यिक उड़ानों की शुरुआत की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन समेत वरिष्ठ अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री को परियोजना की प्रगति और आगामी चरणों की जानकारी भी दी। अधिकारियों के अनुसार एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के बाद अब नियामकीय स्वीकृतियों की अंतिम प्रक्रिया जारी है। एयरपोर्ट का एयरोड्रम सिक्योरिटी प्रोग्राम इस समय नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के पास समीक्षा के लिए लंबित है। सुरक्षा से जुड़ी यह मंजूरी मिलते ही एयरपोर्ट प्रबंधन सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर औपचारिक उद्घाटन और वाणिज्यिक संचालन की तिथि तय करेगा।गौतमबुद्ध नगर के जेवर में विकसित हो रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को देश और दुनिया के प्रमुख शहरों से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा है। इस एयरपोर्ट को विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है, जहां स्विस दक्षता और भारतीय आतिथ्य का समन्वय देखने को मिलेगा। एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन हैं। एयरपोर्ट का विकास चार चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में एक रनवे और एक यात्री टर्मिनल भवन बनाया गया है, जिसकी क्षमता प्रतिवर्ष लगभग 1 करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी। दूसरे चरण में क्षमता बढ़ाकर 3 करोड़ यात्रियों तक पहुंचाई जाएगी। तीसरे और चौथे चरण में विस्तार के बाद कुल क्षमता 7 करोड़ यात्रियों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।पहले चरण में टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल लगभग 1.38 लाख वर्गमीटर है, जिसमें 48 चेक–इन काउंटर, 9 सुरक्षा जांच लेन और 9 इमिग्रेशन काउंटर बनाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय लाउंज भी विकसित किए जा रहे हैं।



इसके अलावा यहां 10 एयरोब्रिज और 28 विमान पार्किंग स्टैंड की व्यवस्था की गई है। रनवे पर प्रति घंटे लगभग 30 उड़ानों के संचालन की क्षमता विकसित की गई है।एयरपोर्ट परिसर में आधुनिक कार्गो और लॉजिस्टिक्स हब भी तैयार किया जा रहा है। प्रारंभिक चरण में इसकी क्षमता लगभग 2.5 लाख टन कार्गो प्रतिवर्ष होगी, जिसे आगे चलकर 15 लाख टन तक बढ़ाया जाएगा।तकनीकी दृष्टि से भी यह एयरपोर्ट अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। यहां डिजीयात्रा आधारित बायोमेट्रिक प्रणाली, सेल्फ बैगेज ड्रॉप और डिजिटल यात्री प्रोसेसिंग सिस्टम जैसी व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं, ताकि यात्रियों को तेज और सहज यात्रा का अनुभव मिल सके। सतत विकास को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट को नेट–जीरो उत्सर्जन के लक्ष्य के साथ विकसित किया जा रहा है।

## राज्यसभा जाने से पहले आरजेडी पर नीतीश कुमार का बड़ा हमला, पूछा - महिलाओं के लिए क्या किया?

एजेंसी।
बिहार पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा में बिहार के विकास का दावा किया, वहीं राज्यसभा के लिए उनके नामांकन ने मुख्यमंत्री पद के अंत का संकेत दिया है, जबकि उनके बेटे निशांत कुमार ने जेडीयू में शामिल होकर राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में विकास कार्य निरंतर प्रगति कर रहा है और उन्होंने दावा किया कि बिहार देश के प्रगतिशील राज्यों में से एक बनने की ओर अग्रसर है। मधेपुरा जिले में समृद्धि यात्रा के दौरान सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार द्वारा शुरू की गई विकास पहलों पर प्रकाश डाला। कुमार ने कहा कि आज जिले में विकास हो रहा है। बिहार को केंद्र सरकार से भी पूरा सहयोग मिल रहा है। अब बिहार हर तरह से प्रगति करेगा और देश के प्रगतिशील राज्यों में शामिल होगा। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) पर निशाना साधते हुए पार्टी की कल्याणकारी पहलों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के लिए बनाई गई पहलों के रिकॉर्ड पर सवाल उठाए। कुमार ने पूछा कि क्या उन्होंने (आरजेडी) कभी महिलाओं या बच्चों के लिए कुछ किया है? हमने तो सबके लिए काम किया है। यह ऐसे समय में सामने आया है जब नीतीश कुमार ने इस सप्ताह की शुरुआत में आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए अपना नामांकन दाखिल किया, जिससे राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में उनके लंबे कार्यकाल के अंत का संकेत मिला।




इसी बीच, बिहार के मुख्यमंत्री के बेटे निशांत कुमार ने रविवार को औपचारिक रूप से जेडीयू में शामिल होकर बिहार की राजनीति में एक अभूतपूर्व बदलाव ला दिया। पार्टी में शामिल होने के बाद, कुमार ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और अपने पिता नीतीश कुमार की 20 वर्षों तक

## यूपी के हर गांव तक अब दौड़ेगी बस, योगी मंत्रीमण्डल ने ग्राम परिवहन योजना को दी मंजूरी

संवाददाता।
लखनऊ। उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना–2026श को मंजूरी दी है, जिसका उद्देश्य राज्य की सभी 59,163 ग्राम सभाओं को बस सेवा से जोड़ना है। इस योजना के तहत चलने वाली बसें परमिट और टैक्स से मुक्त होंगी तथा स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करते हुए ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत करेंगी। उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने मंगलवार को 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना–2026' को मंजूरी दे दी, जिसके तहत राज्य के हर गांव तक बसों की आवाजाही सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। लोकभवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कुल 31 प्रस्ताव पेश किए गए, जिनमें से 30 को मंजूरी दे दी गई। संवाददाता सम्मेलन में मौजूद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना–2026 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एक बयान के अनुसार उन्होंने बताया, अभी तक 12,200 गांवों तक बसें नहीं पहुंच रही थीं, लेकिन नयी नीति के तहत उत्तर प्रदेश की सभी 59,163 ग्राम सभाओं तक बसें पहुंचेंगी। इन बसों को परमिट व टैक्स से मुक्त रखा गया है।इससे प्रदेश की बड़ी ग्रामीण आबादी लाभान्वित होगी। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जाएगी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि ये बसें रात में गांव में ही रुकेंगी और सुबह ब्लॉक व तहसील होते हुए पूर्वाह्न 10 बजे तक जनपद मुख्यालय तक पहुंचेंगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि बसें पूर्वाह्न 10 से शाम चार बजे तक चलेंगी। उन्होंने कहा कि इन बसों के ड्राइवर, कंडक्टर व क्लीनर आसपास के गांव के लोग ही होंगे, जिससे रात में गांव में रुकने और सुबह आने में उन्हें परेशानी नहीं होगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी स्थानीय स्तर पर किराया निर्धारित करेगी और टिकट सस्ता होगा। उन्होंने कहा कि इन बसों को परमिट की आवश्यक्ता नहीं होगी, जिसकी वजह से बस चलाने वालों को लाभ होगा। सिंह ने कैबिनेट बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उत्तर प्रदेश में अब ओला व उबर को भी पंजीकरण कराना होगा। परिवहन मंत्री ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 93 का जिक्र किया और बताया कि भारत सरकार ने एक जुलाई 2025 को नियमावली में संशोधन किया था। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के नियम को उत्तर प्रदेश भी अपनाएगा। सिंह ने कहा कि ओला–उबर पर पहले नियंत्रण नहीं था, लेकिन अब इन्हें भी पंजीकरण कराना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों को आवेदन, लाइसेंस और नवीनीकरण शुल्क भी देना होगा और वाहन चालक की ।

## रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय और उत्तराखंड टोबैको-फ्री कोएलिशन UTFC के बीच MOU साइन, तंबाकू मुक्तसमाज के लिए मिलकर काम करने का संकल्प

### कुलपति प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन का कहा - रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय तंबाकू उपयोग से मुक्त, तंबाकू को कैंसर जैसी घातक बीमारियों का बड़ा कारण बताया

विजडम इंडिया संवाददाता।
देहरादून। उत्तराखंड में तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से उत्तराखंड टोबैको–फ्री कोएलिशन (UTFC) की 22वीं त्रैमासिक बैठक का आयोजन सम्राट ललितादित्य प्रेक्षागृह, रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय, देहरादून में किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों, शिक्षाविदों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने तंबाकू के दुष्प्रभावों और इससे बचाव के उपायों पर गंभीर विचार–विमर्श किया। UTFC, बाला जी सेवा संस्थान के सहयोग से राज्य में तंबाकू नियंत्रण और जनजागरूकता के कार्यों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रहा है। इस अवसर पर रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय और UTFC के मध्य एक महत्वपूर्ण MOU समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अनुसार रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय, UTFC के उद्देश्यों को पूरा करने तथा तंबाकू नियंत्रण और जनजागरूकता कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा।
कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। बैठक का संचालन प्रदीप आनंद, संयुक्त सचिव UTFC ने किया। प्रारंभ में UTFC के चेयरमैन इंजीनियर प्रेम तनेजा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि तंबाकू नियंत्रण के लिए समाज, शिक्षा संस्थानों और प्रशासन को मिलकर निरंतर प्रयास करने होंगे।
बैठक में UTFC के सदस्य–सचिव अवधेश कुमार ने पिछली त्रैमासिक बैठक की कार्यवाही और प्रगति की समीक्षा प्रस्तुत की तथा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी।
मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन ने कहा कि तंबाकू आज के समय में सार्वजनिक स्वास्थ्य के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। उन्होंने कहा कि युवाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए शिक्षा संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।
डॉ. ऐरन ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय पूरी तरह तंबाकू उपयोग से मुक्त परिसर है और यहां तंबाकू सेवन के विरुद्ध सख्त जागरूकता और अनुशासनात्मक व्यवस्था लागू है। उन्होंने तंबाकू सेवन के खतरों को कैंसर जैसी घातक बीमारियों से सीधे जोड़ते हुए कहा कि तंबाकू कई प्रकार के कैंसर और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का प्रमुख कारण है, इसलिए समाज के हर वर्ग को इससे दूर रहना चाहिए।
डॉ. ऐरन ने विश्वविद्यालय स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यदि स्कूल और विश्वविद्यालय स्तर पर सही जानकारी दी जाए तो आने वाली पीढ़ियों को तंबाकू की लत से बचाया जा सकता है। उन्होंने UTFC के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामूहिक प्रयास ही समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं।
कार्यक्रम में प्रो. डॉ. ज्योत्सना सेठ, उपाध्यक्ष UTFC एवं प्रोफेसर, सीमा डेंटल कॉलेज ऋषिकेश ने तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य परिणामों और इसके सामाजिक–आर्थिक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला।
प्रो. डॉ. आरती रौथान, कार्यकारी सदस्य न्ज्थ्ब एवं विभागाध्यक्ष, पब्लिक हेल्थ साई इंस्टीट्यूट, देहरादून ने UTFC की उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना प्रस्तुत की।
प्रो. लुफिना अहमद, प्रोफेसर नर्सिंग विभाग, रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय ने उत्तराखंड में तंबाकू सेवन की स्थिति, उससे जुड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रभावों तथा रोकथाम की रणनीतियों पर प्रस्तुति दी। पूर्व अध्यक्ष UTFC कमांडर अनिल अग्निहोत्री ने अवैध तंबाकू व्यापार और उसके नियंत्रण में आने वाली चुनौतियों पर अपने विचार रखे। वहीं सुभाष बंसल, कार्यकारी सदस्य UTFC ने बच्चों और किशोरों के बीच किए गए जागरूकता अभियानों के अपने अनुभव साझा किए।
बैठक के दौरान UTFC से जुड़े नए सदस्यों का सम्मान भी किया गया, जिनमें नितिका कौशल कार्यक्रम की नोडल अधिकारी, डॉ. रश्मि भारद्वाज,डॉ. नरेंद्र कुमार, सुश्री सृष्टि थापा,प्रो. लुफिना अहमद एवं श्री मानवीर सिंह नेगी
को सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रदीप आनंद एवं गणमान्य अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। बैठक के अंत में अजीत सिंह तोमर, कार्यकारी सदस्य UTFC एवं राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्तकर्ता ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।
इस बैठक में तंबाकू नियंत्रण को लेकर राज्य में जनजागरूकता बढ़ाने तथा संस्थागत स्तर पर ठोस कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की गई।









# उच्च शिक्षा के शिक्षकों और कर्मचारियों को मिलेगी नकदरहित चिकित्सा सुविधा, मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रस्ताव मंजूर

लखनऊ, । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इस निर्णय के तहत प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नकदरहित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिक्षकों और शिक्षा क्षेत्र के प्रति अत्यंत संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि समाज के निर्माण और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, लेकिन अब तक उन्हें चिकित्सा प्रतिपूर्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। इसी को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने 5 सितम्बर 2025 को शिक्षक दिवस के अवसर पर उच्च शिक्षा के शिक्षकों को नकदरहित चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा की थी, जिसे अब मंत्रिपरिषद की स्वीकृति मिल गई है।मंत्री ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग के अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में कार्यरत नियमित तथा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षक, स्ववित्तपोषित मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षक और राज्य विश्वविद्यालयों में कार्यरत नियमित तथा स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षक शामिल किए जाएंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी इस योजना के दायरे में लाया गया है।उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को भी सरकारी अस्पतालों के साथ–साथ संबद्ध निजी अस्पतालों में नकदरहित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत प्रति शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी पर लगभग 2479.70 रुपये का वार्षिक प्रीमियम व्यय होगा।प्रदेश में लगभग दो लाख से अधिक शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी इस योजना से लाभान्वित होंगे, जिस पर राज्य सरकार को लगभग 50 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष व्यय करना पड़ेगा। इस खर्च की व्यवस्था उच्च शिक्षा विभाग के बजट से की जाएगी।मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि इस योजना का संचालन राज्य समग्र स्वास्थ्य एवं एकीकृत सेवा एजेंसी (साचीज) के माध्यम से किया जाएगा। योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक की नकदरहित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी, जिसकी दरें प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत आरोग्य योजना और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार होंगी।उन्होंने बताया कि लाभार्थियों और उनके आश्रितों का विवरण उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिवर्ष 30 जून तक साचीज को उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही जो व्यक्ति पहले से केंद्र या राज्य सरकार की किसी अन्य स्वास्थ्य योजना, जैसे प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आरोग्य योजना से आच्छादित होंगे, उन्हें इस योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा।

# आकाश पाडे और उमेश शर्मा की मौत पर परिजनों से मिले अजय राय, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

लखनऊ, । संतकबीर नगर निवासी आकाश पांडे और गोरखपुर निवासी उमेश शर्मा की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय मंगलवार को पीड़ित परिवारों से मिलने संतकबीर नगर और गोरखपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।बताया गया कि निषाद पार्टी के एक नेता की फॉर्च्यूनर गाड़ी की टक्कर से दोनों युवकों की मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद अजय राय मृतकों के आवास पहुंचे और परिजनों से मिलकर घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मामले में उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर उनके साथ खड़ी रहेगी।अजय राय ने कहा कि निषाद पार्टी के नेता की गाड़ी से मेडिकल कॉलेज के छात्र आकाश पांडे और गोरखपुर निवासी उमेश शर्मा की मौत सत्ता के अहंकार को दर्शाती है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या प्रदेश में रसूखदार नेताओं के बेटों और करीबियों को आम जनता की जान लेने की खुली छूट मिल गई है। उन्होंने इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्य सरकार से मांग की कि दोनों पीड़ित परिवारों को एक–एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाए ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके।अजय राय ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है, लेकिन प्रदेश में लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाएं चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और न्याय के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

# राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव 11 मार्च को लखनऊमें करेंगी बैठक, जनसुनवाई और निरीक्षण

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव 11 मार्च को जनपद लखनऊ में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगी। इस दौरान वह महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक, महिला जनसुनवाई तथा विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण करेंगी।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उपाध्यक्ष प्रातः 10रू30 बजे विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास से प्रस्थान कर 11रू00 बजे राज्य महिला आयोग के सभागार, तृतीय तल, विभूतिखंड, गोमतीनगर पहुंचेंगी। यहां वह महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों और अन्य जनपदीय अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित बैठक में भाग लेंगी। बैठक के बाद उपाध्यक्ष महिला जनसुनवाई करेंगी, जिसमें पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।इसके पश्चात उपाध्यक्ष 12रू45 बजे राज्य महिला आयोग सभागार से प्रस्थान कर 1रू00 बजे वन स्टॉप सेंटर, लखनऊ पहुंचेंगी। यहां वह केंद्र का निरीक्षण करेंगी और आयोजित महिलाओं की गोद भराई तथा अन्नप्राशन कार्यक्रम में भाग लेंगी।इसके बाद उपाध्यक्ष 1रू30 बजे वन स्टॉप सेंटर से प्रस्थान कर 1रू45 बजे लोक बंधु चिकित्सालय पहुंचेंगी। यहां वह चिकित्सालय का निरीक्षण करेंगी तथा आयोजित किट वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी।इन कार्यक्रमों के माध्यम से उपाध्यक्ष महिलाओं के कल्याण, सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी प्रदान करेंगी।

# आबकारी विभाग ने 1793 मदिरा दुकानों के आवंटन हेतु ई-लाटरी प्रक्रिया शुरू की

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2026दृ27 के लिए देशी शराब, कम्पोजिट शॉप, मॉडल शॉप तथा भांग की दुकानों के ई–नवीनीकरण के बाद शेष बची कुल 1793 फुटकर दुकानों के आवंटन के लिए आबकारी विभाग ने ई–लॉटरी प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस संबंध में आवेदन की प्रक्रिया आज से आबकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से प्रारम्भ कर दी गई है।आबकारी विभाग द्वारा जारी नई व्यवस्था के अंतर्गत प्रदेश भर की मदिरा दुकानों का आवंटन ई–लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुगमता सुनिश्चित की जा सकेगी। इच्छुक आवेदक निर्धारित पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।विभाग की ओर से बताया गया है कि आवेदन करने की अंतिम तिथि, आवेदन शुल्क, पात्रता की शर्तें तथा अन्य आवश्यक विवरण विभागीय वेबसाइट और आधिकारिक पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए हैं। इच्छुक आवेदकों से अनुरोध किया गया है कि आवेदन करने से पहले सभी नियमों और शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन अवश्य कर लें।आबकारी विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि पूरी प्रक्रिया तकनीकी रूप से सुरक्षित और पारदर्शी बनाई गई है। ई–लॉटरी के माध्यम से दुकानों का आवंटन निर्धारित समय–सारणी के अनुसार किया जाएगा।प्रदेश सरकार का उद्देश्य नई आबकारी व्यवस्था के माध्यम से आवंटन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना, राजस्व को सुदृढ़ करना और पूरी व्यवस्था को सरल तथा सुगम बनाना है।

# लखनऊमें लिवलान्ग 365 की नई शाखा का उद्घाटन, स्वास्थ्य बीमा और वेलनेस सेवाओं को मिलेगी मजबूती

लखनऊ, (आरएनएस )।भारत की अग्रणी बीमा और एकीकृत हेल्थ–टेक प्लेटफॉर्म लिवलॉन्ग 365 ने लखनऊ में अपनी नई शाखा शुरू करने की घोषणा की है। यह विस्तार सुलभ और हाइपरलोकल स्वास्थ्य सेवा तथा बीमा समाधान उपलब्ध कराने की कंपनी की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। नई शाखा के माध्यम से कंपनी प्रमुख शहरी क्षेत्रों में अपनी ऑफलाइन उपस्थिति बढ़ाते हुए ग्राहकों को उनके नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाएं और बीमा विकल्प उपलब्ध कराएगी।लखनऊ शाखा रिटेल हेल्थ इंश्योरेंस, कॉर्पोरेट ओपीडी प्रोग्राम और एसएमई–केंद्रित बीमा समाधानों के विकास का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। शहर के व्यस्त आवासीय क्षेत्र में स्थित यह शाखा व्यक्तिगत ग्राहकों, कॉर्पोरेट घरानों और छोटे व्यवसायों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगी।लिवलॉन्ग के संस्थापक और सीईओ गौरव दुबे ने कहा कि लखनऊ कंपनी की राष्ट्रीय विस्तार यात्रा का एक प्रमुख बाजार है। नई शाखा के साथ हाइपरलोकल उपस्थिति को मजबूत किया जा रहा है, जिससे एकीकृत स्वास्थ्य बीमा और वेलनेस समाधान क्षेत्र के लोगों और व्यवसायों के लिए अधिक सुलभ बन सकें।मुख्य वितरण अधिकारी एवं सेल्स हेड मोहित भारद्वाज ने बताया कि लखनऊ शाखा उत्तर भारत में कंपनी के वितरण नेटवर्क और पार्टनर इकोसिस्टम को मजबूत करेगी तथा क्षेत्र में एकीकृत स्वास्थ्य समाधानों की व्यापक पहुंच सुनिश्चित करेगी।इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नेशनल हेड डॉ. सौम्य कुमार मिश्रा ने कहा कि लखनऊ में लिवलॉन्ग के विस्तार में सहयोग कर उन्हें प्रसन्नता है। यह साझेदारी उभरते बाजारों में ग्राहकों को व्यापक स्वास्थ्य बीमा समाधान और बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है।लिवलॉन्ग 365 की लखनऊ शाखा का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. सौम्य कुमार मिश्रा ने किया। यह शाखा लिवलॉन्ग प्रोटेक्शन एंड वेलनेस सॉल्यूशंस लिमिटेड के कार्यालय संख्या–4, दूसरी मंजिल, सेंटर कोर्ट, राधा कृष्ण भवन के पीछे, 3ध्–5 पार्क रोड, लखनऊ में स्थित है।कंपनी के अनुसार यह पहल अगले दो वर्षों में देशभर में 100 शाखाएं स्थापित करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

दिल्ली, बेंगलुरु, नासिक, कोलकाता, नागपुर और अंधेरी में हाल ही में हुए लॉन्च के बाद लखनऊ शाखा ओपीडी सेवाओं, स्वास्थ्य बीमा और वेलनेस कार्यक्रमों के क्षेत्र में देश का सबसे भरोसेमंद और सुलभ मंच बनने के कंपनी के लक्ष्य को और मजबूत करती है।

# उत्तर प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा, निवेश के लिए आमंत्रण

लखनऊ,(आरएनएस ) । गर्मी का मौसम शुरू होते ही लोग छुट्टियों में कुछ नया और रोमांचक तलाशते हैं। इसी बदलती पसंद को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने पर्यटन के नए आयाम गढ़ने की दिशा में एक बड़ा और महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। राज्य को रोमांच, नवाचार और अनुभव आधारित पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाने के लक्ष्य के साथ विभाग ने एडवेंचर टूरिज्म को नई पहचान देने की पहल शुरू की है।उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति–2022 के तहत प्रदेशभर में साहसिक पर्यटन परियोजनाओं में निवेश के लिए व्यक्तियों, संस्थाओं और उद्यमियों को आमंत्रित किया गया है, ताकि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर एडवेंचर टूरिज्म के सशक्त गंतव्य के रूप में स्थापित किया जा सके। इस पहल से न केवल गर्मियों में पर्यटन गतिविधियों को गति मिलेगी, बल्कि रोजगार, निवेश और स्थानीय उद्यमिता के नए अवसर भी पैदा होंगे।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि राज्य में पर्यटन को केवल दर्शनीय स्थलों तक सीमित न रखकर उसे रोमांचक अनुभवों से जोड़ने की दिशा में काम किया जा रहा है। एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देकर प्रदेश की विविध भौगोलिक और प्राकृतिक संभावनाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रयास में निजी क्षेत्र, उद्यमियों और संस्थाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी और लक्ष्य उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी एडवेंचर टूरिज्म गंतव्यों में स्थापित करना है।पर्यटकों की रुचि और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को तीन प्रमुख श्रेणियोंकृभूमि आधारित, जल आधारित और वायु आधारित एडवेंचर टूरिज्मकृमें विभाजित किया गया है।

# बड़े पैमाने पर मान्यवर कांसीराम की जयंती मनायेगी सपा




प्रयागराज। देश के विख्यात बहुजन नायक, पूर्व सांसद, स्व. कांसीराम की जयंती आगामी 15 मार्च को समाजवादी पार्टी" बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस के रूप में धूमधाम से मनाएगी।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश भर में बहुजन नायक मा कांसीराम जी की जयंती मनाई जा रही हैं। इसी क्रम में प्रयागराज की गंगापार, यमुनापार एवं महानगर इकाई के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर जयंती कार्यक्रम आयोजितद किया जायेगा। कार्यक्रम में पीडीए की भारी संख्या में मौजूदगी के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।सपा प्रवक्ता दान बहादुर मधुर के अनुसार गंगापार के विधानसभा फूलपुर में, यमुनापार की विधानसभा करछना के बेंदों तथा महानगर की विधानसभा पश्चिमी के मुंडेरा स्थित गेस्ट हाउस में जयंती कार्यक्रम आयोजित होगा। इस सिलसिले में आज पार्टी के जार्जटाउन स्थित कार्यालय में गंगापार इकाई की बैठक हुई जिसमें कार्यक्रम की रुपरेखा तय की गई। कार्यस्थल को भव्य तरीके से होर्डिंग एवं पोस्टर से सजाया जायेगा तथा प्रचार प्रसार के लिए जगह जगह होर्डिंग भी लगाई जाएगी।बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अनिल यादव, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, हाकिम लाल बिन्द, गीता शास्त्री, पूर्व विधायक गण हाजी मुजतबा सिद्दीकी, सत्य वीर मुन्ना, प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, संगम लाल मौर्या, राम सुमेर पाल, शांति प्रकाश पटेल, राजेश सरोज, राज बहादुर यादव, जीत लाल यादव, खिन्नी लाल पासी, आशुतोष तिवारी, अशोक सरोज, रणजीत सरोज, पिंटू वर्मा, योगेश पाल, तीरथ राज, वेणी माधव विश्वकर्मा, अभय राज यादव, कमर आलम, सचिन श्रीवास्तव, कमलेश गुप्ता, मुलायम यादव, संदीप बिन्द, सुरेश यादव, शकील इस्माइल, अमर सिंह,

पंकज मौर्य, पूरन पासी, इंजी जगदीश यादव, धर्मेन्द्र सिंह, कुलदीप यादव, शोभ नाथ शर्मा, बच्चा यादव, डॉ दिनेश, बृज लाल, श्याम सूरत सरोज, प्रभाकर यादव आदि मौजूद रहे।

# त्यौहारों के चलते पूरे प्रयागराज में धारा 16 अप्रैल तक 144 लागू

प्रयागराज। आगामी दिनों में विभिन्न धर्मोध्सम्प्रदायों के आयोजित होने वाले त्यौहार 13 मार्च को अलविदा जुमा, 20ध्21 मार्च (चन्द्रदर्शन के अनुसार) को ईद उल फितर, 19 मार्च से 27 मार्च को चौत्र नवरात्रि, 27 मार्च को राम नवमी, 31 मार्च को महावीर जयन्ती, 02 अप्रैल को हनुमान जयन्ती एवं 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयन्ती मनाया जाना प्रस्तावित है। इसी क्रम में 14 व 15 मार्च को उ0प्र0 पुलिस उ0नि0 भर्ती परीक्षा – 2025 एवं विभिन्न संस्थाओ द्वारा कई महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन होना है। जनपद की साम्प्रदायिक संवेदनशीलता के दृष्टिगत मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रो में कतिपय असामाजिक, जातिवादी, साम्प्रदायिक व शरारती तत्वों द्वारा जनपद की विधि एवं कानून व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न किये जाने की प्रबल सम्भावना है। असामाजिक तत्वो द्वारा शान्ति एवं कानून व्यवस्था भंग की जा सकती है जिससे कटुता बढ़ने व लोकप्रशान्ति विक्षुब्ध होने की प्रबल आशंका है। इस प्रकार लोक प्रशान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनहित में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 की धारा–163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा जारी करने के लिए पर्याप्त कारण एवं आधार विद्यमान है।अतः एडीसीपी डा0 अजय पाल अपर पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था, कमिश्नरेट– प्रयागराज, ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 की धारा–163 के अन्तर्गत सम्पूर्ण कमिश्नरेट प्रयागराज में 09 मार्च से निम्न निषेधाज्ञा जारी की है जो 16 अप्रैल तक प्रभावी रहेगी।ष

एडीसीपी अजय पाल शर्मा ने कहा कि कोई भी वक्ता, व्यक्ति, राजनैतिक दल किसी धर्म, जाति एवं व्यक्ति विशेष की आलोचना न तो अपने वक्तव्य में करेगा और न ही साम्प्रदायिक उन्माद व जातिगत संघर्ष उत्पन्न करने वाले आपत्तिजनक कैसेट ही बजायेगा और ऐसा करने हेतु किसी को प्रेरित नहीं करेगा। कोई भी वाहन सार्वजनिक स्थानों पर जाति के नाम अथवा जाति को महिमामंडित करने सम्बन्धी स्लोगनधस्टिकर आदि लगाकर नहीं चलेगा।उन्होंने यह भी आदेशित किया है कि कोई भी कस्बों, तहसीलों और जिला मुख्यालय में जातिगत या अभिमान के कारण जाति को महिमामंडित करने वाले तथा भौगोलिक क्षेत्रों को जातिगत क्षेत्र या जागीर घोषित करने वाले न तो कोई साइनबोर्ड्स लगायेगा और न ही किसी प्रकार की कोई जातिगत घोषणा करेगा।

## राजर्षि टंडन महिला कालेज में एनएसएस के विशेष शिविर का शुभारंभ

प्रयागराज। राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय संघटक इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 10 मार्च से 16 मार्च तक आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 055 के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन आज सम्पन्न हुआ।उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. राजेश गर्ग थे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रियंका शर्मा द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि ने व्याख्यान में प्रतिदिन राष्ट्रीय सेवा योजना में प्रथम सत्र द्वितीय सत्र एवं तृतीय सत्र में आयोजित होने वाले क्रिया–कलापों का विस्तार से परिचय कराया। इसके साथ ही स्वच्छता से प्रेरणा से नेतृत्व सृजन कार्य, सामाजिक संवाद स्थापना, रचनाधार्मिता, संगीत, कौशल विकास, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव पर चर्चा की। व्याख्यान के क्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो अजय प्रकाश खरे ने सेविकाओं से ष्मै नहीं पहले आपष स्लोगन से बेहतर व्यक्तित्व निर्माण करने एवं सामूहिक सीख प्रवृति पर बल दिया। प्रो खरे ने कहा कि नागरिकों के अच्छे होने से ही राष्ट्र अच्छा होता है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रो नीलिमा सिंह द्वारा किया गया। मंच का संचालन सेविका श्रुति मिश्रा एवं ओजस्वी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे, प्रो. नीलिमा सिंह, प्रो. नमिता यादव, डॉ. यशस्वी सिंह, डॉ. अश्वनी कुमार राय, डॉ. शैमेनाज बानो, डॉ अनिल कुमार, डॉ. यशस्वी पांडेय, नवीन पाठक एवं सभी स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहीं। शिविर में उद्घाटन सत्र के बाद नागरिक सुरक्षा टीम के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया और तत्पश्चात कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# राम दल 2025 की सफलता पर सम्मान समारोह का आयोजन

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के सुप्रसिद्ध और भव्य "रामदल मेला 2025" के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में आज सिविल लाइंस व्यापार मंडल द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राम दल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को उनके उत्कृष्ट समर्पण, सेवा भावना और सफल आयोजन के लिए सम्मानित किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह एवं पूर्व सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी उपस्थित रहीं। अतिथियों ने रामदल की पूरी टीम के समर्पण और कठिन परिश्रम की सराहना की। इस अवसर पर सिविल लाइंस व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील खरबंदा एवं महामंत्री शिव शंकर ने रामदल की टीम का अभिनंदन किया।राम दल के अध्यक्ष आशीष अरोड़ा और महामंत्री रितेश सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राम दल मेला 2025 की सफलता हमारी पूरी टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। इसमें कोषाध्यक्ष संदीप कात्याल, उपाध्यक्ष डॉ. सुभाष यादव, अजय शर्मा, अनिल सुनेजा, राज कमल जायसवाल तथा कार्यकारिणी सदस्य संजीव कपूर, मनीष साहू, अंकित केसरवानी, हरप्रीत सिंह और रवित सचदेवा सहित सभी सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम में व्यापार मंडल की पूरी कार्यकारिणी के साथ शहर के कई प्रतिष्ठित नागरिक भी उपस्थित रहे। समारोह का समापन प्रभु श्री राम की आरती एवं आगामी वर्ष के भव्य आयोजन के संकल्प के साथ हुआ।

# ईरान पर अमेरिका इजराइल हमले के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

प्रयागराज। धरना स्थल, पत्थर गिरजा, सिविल लाइंस में ईरान पर अमेरिका–इजराइल हमले के खध्लिाफ इलाहाबाद नागरिक समाज, की ओर से विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया और ट्रंप – नेतन्याहू प्रशासन की उकसावे की राजनीति की निन्दा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत श्जालिम वापस जाओश क्रान्तिकारी गीत से किया गया।

नागरिक समाज, इलाहाबाद से जुड़े हुए तमाम संगठनों ने ईरान पर अमेरिका और इजराइल द्वारा किए गए सैन्य हमलों की कड़ी निंदा की और इसे पश्चिम एशिया को युद्ध और अस्थिरता में धकेलने वाला कदम बताया है।

ट्रेड यूनियन के नेता डॉ कमल ऊसरी ने कहा कि इस हमले में सैकड़ों निर्दोष नागरिकों की जान गई है और इससे पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने तेहरान सहित ईरान के कई शहरों पर बमबारी की, जिसमें ईरान के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व को भी निशाना बनाया गया। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी–इजराइली सैन्य ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में युद्ध जैसी स्थिति बन गई है।

अंत में ईरान की जनता के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता की अपील की। प्रदर्शन में पेन्शनर एसोसिएशन से ऋषेश्वर उपाध्याय, ट्रेड यूनियन नेता अविनाश मिश्रा तथा सुभाष पांडे, सीपीआई से आनन्द मालवीय, सिविल लिबर्टी मूवमेन्ट के असरार नियाजी, जनकवि अंशु मालवीय, एआईकेएमएस इलाहाबाद के राजकुमार पथिक, सर्वोदय मण्डल के सत्येन्द्र, पीयूसीएल महासचिव चित्तजीत मित्रा, नौजवान भारत सभा के प्रशान्त, शिक्षक संघ के वसीम, पीयूसीएल उप्र अध्यक्ष सीमा आजाद, दिशा छात्र संगठन की निधि, मोईन हबीबी, आईसा के सोनू यादव आदि ने भी अपनी बात रखी।

### फाग के रंग रस, कवियों के काव्य चक्कल्स के संग का आयोजन 13 मार्च को

प्रयागराज। काव्य चक्कल्स आयोजन समिति के द्वारा महापौर गणेश केसरवानी के नेतृत्व में काव्य चक्कल्स का आयोजन 13 मार्च को शाम 6 बजे कीडगंज थाने के समीप मार्ग पर आयोजित किया जाएगा। आयोजन के मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि काव्य चक्कल्स होली मिलन समारोह आयोजन को एतिहासिक बनाने के लिए देश के प्रख्यात साहित्यकार एवं कवियों को आमंत्रित किया गया है जो हास्य व्यंग श्रृंगार दर्शन वीर रस की कविताओं से फाग रंग रस की रचनाओं से शमां को बांधेंगे।इस अवसर हाथरस के प्रख्यात कवि डाक्टर विष्णु सक्सेना, भीलवाड़ा के योगेन्द्र शर्मा, भोपाल के नीलोत्पल मृणाल, टंठा यगारसी, कानपुर के हेमंत पांडे, लखनऊ की शशि श्रेया, अमित जौनपुरी, संजय पुरुषार्थी, जितेन्द्र जलज, प्रयागराज के योगेश झमाझम काव्य पाठ करेंगे।

# गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की उठी मांग, राष्ट्रपति को भेजा गया ज्ञापन



सुल्तानपुर(आरएनएस )। सनातन धर्म में गौ माता को सर्वोच्च स्थान देने की परंपरा का हवाला देते हुए सुल्तानपुर के सनातन समाज के लोगों ने भारत की राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भेजकर गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग उठाई है। ज्ञापन में कहा गया है कि भारतवर्ष अपनी सांस्कृतिक पहचान, गौरवशाली इतिहास, सत्य, अहिंसा और न्याय की परंपरा के लिए विश्वभर में जाना जाता है। वेद और उपनिषद की परंपरा को धारण करने वाले इस देश में प्राचीन काल से ही गाय को मानव जीवन की रक्षक और पूजनीय माना गया है। करोड़ों हिंदू गाय में आस्था रखते हुए उन्हें मां का दर्जा देते हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश सहित देश और दुनिया में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर गाय को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की चर्चा तेज हो रही है। साथ ही उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी गौ सुरक्षा, संरक्षा और सम्मान की भावना लगातार बढ़ रही है। राष्ट्रपति से की गई प्रमुख मांगों में कहा गया है कि गाय को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने के लिए देश के सभी राज्यों में जनता से जनादेश एकत्रित कराने का निर्देश दिया जाए। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में बढ़ते गोकशी के मामलों का संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को गौ हत्या पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देने की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि ज्योर्तिमठ पीठाधीश्वर आदि शंकराचार्य जगद्गुरु स्वामी अवीमुक्तेश्वरानंद को विशेष सुरक्षा प्रदान की जाए और उनके द्वारा चलाए जा रहे गौ रक्षा महाअभियान का संज्ञान लेकर उनकी मांगों को लागू किया जाए। इसके अलावा राष्ट्रपति से अपनी विशेष शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूरे देश में गोवंशों की कटान पर पूर्ण रोक लगाने की भी मांग की गई है। इसके लिए राज्यों में नए पद सृजित कर गौ सेवा आयोग के गठन और गौ रक्षा फोर्स बनाए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया है।

# रोजा इफ्तार पार्टी में सैकड़ो की तादात में रोजेदारों ने किया इफ्तार



बल्दीरायध्सुलतानपुर(आरएनएस )। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पारा चौराहे में माहे रमजान के 19 वें रोजे के पाक महीने पर रोजा इफ्तार पार्टी का इंतेजाम किया गया। जिसमें बड़ी तादात में रोजेदारों ने शिरकत की। जहां पर रोजेदारों ने देश में अमन चौन, सौहार्द और भाईचारे मेल मिलाप बनाए रखने के लिए एक साथ मिलकर दुआएं की। जहां पर इकट्ठा हुए रोजेदारों ने एक दूसरे के साथ मिलकर रोजा इफ्तार पार्टी में रौनक बढ़ाई। इस इफ्तार पार्टी में असगर रजा, हसीन खान, उमेर खान, अहमद खान, सिराज राइन, इकरार राइन, कैफ मलिक, नबील, कबीर, सब्बू, अयाज, जमशेद, जावेद, अशरफ गोलू, सुल्तान, सोहेल, नौशाद, रेहान, कैफ सिद्दीकी, सज्जाद खान, कबीर मलिक, जुनैद अहमद, तुफैल अहमद, मासूक अली, बेचू हाशमी, आफताब, अकबर राजा, पत्रकार सरवर हुसैन, मोनू पत्रकार सहित तमाम रोजेदार इस इफ्तार पार्टी में शामिल रहे।

# विवाह के लिए प्रेमिका हाईटेंषन पोल पर चढ़ी

जौनपुर(आरएनएस )। शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती ने प्रेमी से विवाह की जिद पर मंगलवार दोपहर हाइटेंशन पोल पर चढ़कर हंगामा खड़ा कर दिया। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर प्रेमिका को नीचे उतारा। पुलिस युवती को हिरासत में लेकर मामले में पूछताछ करती रही। गांव निवासी 19 वर्षीया युवती का आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थानांतर्गत नंदाव गांव निवासी युवक से चक्कर चल रहा था। मामले की जानकारी होने पर तीन महीने पूर्व युवती के परिजनों ने इसका विरोध किया तो युवती आशिक संग फरार हो गई। पुलिस ने जनवरी महीने में प्रेमी युगल को बरामद किया। युवती के परिजनों की तहरीर पर प्रेमी पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर चालान न्यायालय भेज दिया। कुछ समय बाद जेल से जमानत पर छूटकर आने की खबर लगने पर युवती पुनः प्रेमी संग विवाह रचाने की जिद पर अड़ गई। परिजनों द्वारा दोनों के अलग समुदाय से होने का हवाला देकर विरोध करने से नाराज प्रेमिका बगल के गांव जनपद की सीमा से सटे आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थानांतर्गत बैरकडीह गांव स्थित हाइटेंशन विद्युत पोल पर चढ़कर प्रेमी से शादी कराने की जिद पर अड़ी रही।

# भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर होगा विराट कवि सम्मेलन

सुलतानपुर(आरएनएस )। भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या 18 मार्च 2026 बुधवार को सायं 8:00 बजे शहर के रामनरेश त्रिपाठी सभागार में 14 वां विराट कवि सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भारतीय नव वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालेंगे। इस मौके पर देश के सुप्रसिद्ध कवि, गजलकार और कवियत्री ओजपूर्ण कविता, गजल व गीत प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर एक बैठक भारतीय नववर्ष आयोजन समिति के अध्यक्ष चेयरमैन न.पा. प. प्रवीन कुमार अग्रवाल के नमक मंडी स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रामचन्द्र मिश्र, आरएसएस के नगर प्रचारक सुशील कुमार की मौजूदगी में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार हुई और व्यवस्थाओं एवं आयोजन को अभूतपूर्व बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। चेयरमैन प्रवीन कुमार अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम ऐतिहासिक ढंग से मनाया जाएगा। जिसमें जिले भर के राजनीतिक,सामाजिक संगठनों तथा प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। बैठक का समापन पूर्व जिलाध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी ने किया। बैठक में आयोजन समिति के सदस्यव व पूर्व जिलाध्यक्ष करूणा शंकर द्विवेदी, विजय सिंह रघुवंशी, एमपी त्रिपाठी, कृपा शंकर मिश्रा, संजय सोमवंशी, विनोद कुमार पांडेय, कौशलेंद्र मिश्रा एड.,रजनीश मिश्रा, दिनेश चौरसिया, मनीष जायसवाल, सुजीत सिंह, अनिल द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# फांसी लगाकर युवक ने मौत गले लगाया

जौनपुर(आरएनएस )। जफराबाद थाना क्षेत्र के बैजाबाद गांव निवासी एक युवक ने सोमवार की देर रात को पंखे से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दिया।मंगलवार की सुबह जानकारी होते ही कोहराम मच गया। इस गांव के निवासी 30 वर्षीय सूरज चौहान पुत्र बाबूराम चौहान की डेढ़ वर्ष पहले शादी हुई थी।वह पत्नी के साथ मुम्बई रहकर रोजी रोटी कमाता था।दो माह पूर्व उसकी पत्नी ने मुम्बई में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था।उसका अंतिम संस्कार करने के बाद सूरज मुंबई से घर आकर रहने लगा।सोमवर की रात को सूरज चौहान खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया।सुबह वह जब नही उठा। बताया जाता है वह पत्नी की परिजन दरवाजा के अंदर देखे।जहा पर सूरज पंखे से साड़ी के सहारे फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया था।उसने बेड पर स्टूल रखकर घटना को अंजाम दिया। उसे मृत देखकर पूरे परिवार में रोना पीटना मच गया।लोगों ने घटना की जानकारी थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल को दिया। वे मय फोर्स मौके पर पहुंच जर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बताया जाता है पत्नी की मौत के बाद वह अधिक शराब का नशा करने लगा था।वह अक्सर शराब पीकर अनापषनाप बकता था।मृतक सूरज अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था।थानाध्यक्ष श्री शुक्ल ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे के लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# संयुक्तकिसान मोर्चा का प्रदर्शन

सुलतानपुर(आरएनएस )। मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान अमेरिका और इजरायल की नीतियों के विरोध में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया।

यह प्रदर्शन संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर आयोजित किया गया था। संगठन के कार्यकर्ताओं ने इसे प्रतिरोध दिवस के रूप में मनाते हुए अमेरिका और इजरायल की युद्ध नीतियों और व्यापारिक समझौतों के खिलाफ आवाज उठाई। संयुक्त किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष शारदा प्रसाद पांडेय ने कहा कि अमेरिका और इजरायल की नीतियों के कारण कई क्षेत्रों में युद्ध जैसी स्थिति पैदा हो रही है, जिसका किसान संगठन विरोध करता है। उन्होंने कहा कि इसी के विरोध में यह प्रतिरोध दिवस मनाया जा रहा है। श्री पांडेय ने यह भी कहा कि मोर्चा अमेरिका द्वारा थोपे जा रहे व्यापारिक समझौतों का भी विरोध कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्यक्रम के दौरान कोई ज्ञापन नहीं दिया गया, बल्कि विरोध दर्ज कराने के लिए ट्रंप और नेतन्याहू का पुतला दहन किया गया। उन्होंने बताया कि आगे की रणनीति राष्ट्रीय और प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशों के अनुसार तय की जाएगी और उसी के आधार पर आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।

# आश्रम परिसर में पेड़ कटान पर पुजारी ने दी सफाई

सुलतानपुर(आरएनएस )। ग्राम चंदौर स्थित प्राचीन ब्रह्मचारी आश्रम के पुजारी संत अवधेश दास ब्रह्मचारी ने पेड़ कटान को लेकर उठे विवाद पर उपजिलाधिकारी बल्दीराय को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुजारी ने बताया कि आश्रम के आसपास की कुछ भूमि गांव के पूर्वजों द्वारा दान में दी गई थी, जहां चिलबिल, बबूल जैसे जंगली पेड़ उगे हैं। आश्रम में श्रद्धालुओं के बैठने के लिए तख्त–बेंच बनाने और जर्जर फर्श–दीवारों के जीर्णोद्धार के लिए कुछ पेड़ कटवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बची लकड़ी बेचकर मिली धनराशि भी आश्रम के मरम्मत कार्य में लगाई जा रही है। वहीं एक व्यक्ति द्वारा थाना में यह आरोप लगाया गया कि धर्मराज सिंह उर्फ (राज सिंह पूर्व ग्राम प्रधान ) ने पेड़ कटवाकर बेच दिए। पुजारी ने स्पष्ट किया कि पेड़ों की कटाई उनके निर्देश पर आश्रम की जरूरत के लिए हुई है और इसमें धर्मराज सिंह का कोई संबंध नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर सत्य सामने लाने की मांग की है।

# वृद्धा के चेन की खीचकर भागा, ग्रामीणों ने दबोचा

जौनपुर(आरएनएस )। जफराबाद थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में मंगलवार की दोपहर को वृद्ध महिला से सोने की चौन छीन कर भाग रहे बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़ लिया।महिला घर मे अकेली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस को सौप दिया। इस गांव निवासी ज्ञान देवी पत्नी स्वर्गीय उमाशंकर राय घर पर बाइक सवार एक कुकर और कड़ाही बेचने वाला युवक आकर बोला कुकर व कड़ाही खरीद लें।जब तक वह कुछ कहती उसकी नजर घर के अंदर पड़ी।वहां कोई और दिखाई नही दिया।वह तत्काल घर के अंदर घुसकर वृद्ध ज्ञान देवी का गला और मुह दबाकर उनके गले से सोने की चेन को खींच लिया।वृद्धा के ओठ कट गया जिससे खून निकल आया।वह फेरी वाला बदमाश युवक भाग कर अपनी बाइक के पास पहुंचा। बाइक लेकर भागने लगा। तभी ज्ञान देवी ने शोर मचाना शुरू कर दिया।उनकी आवाज सुनकर आसपास के लोग उसे पकड़ने के लिये दौड़ लगा दिए। उसी समय अंकित विश्वकर्मा सुबाष विश्वकर्मा दौड़ कर बॉइक से भाग रहे बदमाश के ऊपर कूद गया।तब तक अन्य लोग भी पहुंच गए।लोगों ने उसकी पिटाई कर वही बैठा लिया।उसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गयी।सूचना पर घटना स्थल से कुछ दूर कल्याणपुर बाजार में मौजूद एस आई विजय प्रताप सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गए।पुलिस ने उसे बाइक तथा उसके पास निकले चाकू आदि के साथ हिरासत में ले लिया।पकड़े गए बदमाश ने ग्रामीणों को अपना नाम कन्हैया पाण्डेय पुत्र राजदेव पाण्डेय निवासी गांव कपिया निजामत थाना महराजगंज जनपद सिवान बिहार बताया।उसने बताया वह आजमगढ़ के बरदह थाने के पास रहता है।

# यादों के गजरे कुम्हलाये, आप न आये

जौनपुर (आरएनएस )।कालजयी रचनाकार ,पत्रकार पं0 रूपनारायण त्रिपाठी की 36वीं पुण्य स्मृति को समर्पित ''गीत रूप नमन समारोह'' के अवसर पर कवि सम्मेलन एवं गीत रूप नमन समारोह उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान लखनऊ एवं रूप सेवा संस्थान जगतगंज के संयुक्त तत्वाधान मे जगत नारायण इण्टर काजेज जगतगंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मानस मर्मज्ञ डॉ आरपी ओझा के व्याख्यान से हुआ। उन्होने मानसकृत गोस्वामी तुलसीदास जी के श्रीरामचरितमानस पर प्रकाश डालते हुए विशेष रूप से स्व0 त्रिपाठी के मुक्तकों को उससे जोड़ते हुए सस्वर अद्भुत स्वरूप प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र सिंह ने कहा कि साहित्यिक योगदान से उन्होने पूरे हिन्दी जगत को गौरवान्वित किया। वे उस ऊॅचाई पर पहुॅचे जहॉ कोई बिरला ही पहुॅच पाता है। उनकी रचनाएं सार्वभौमिक सर्वकालिक है। उनकी रचनाओ मे भारतीय सनातन संस्कृति के मूल्य निहित है। कवि सम्मेलन का शुभारम्भ प्रयागराज से पधारे डा0 श्लेष गौतम के वाणी वन्दना से हुई एवं उनकी कविता– लिखा था रह जायेगा रहता नही शशीर इसीलिये मरते नही तुलसी,सूर, कबीर सराही गयी। विनम्रसेन सिंह (प्रयागराज) ने ''तरूणाई पर डगमग मन चंचल मधु छाया है। गीत का ये मौसम है अब बसन्त आया है'' से ''मधुमास का रंग बिखेरा'' वीर रस ओज के यशस्वी कवि अतुल वाजपेयी (लखनऊ) ने बल–बुद्धि पराक्रम के सागर, जिनके आयुष धनु सायक है। कलकत्ता से पधारे कवि डा0 सुशील साहिल ने बढ़ने लगे तरंग तो हमसे मिला करो, मन में उठे उमंग तो हमसे मिला करो। अंगरेजी देशी पौवा गटकने के बाद भी पानी से अगर हो भंग तो मुझसे मिला करो। जैसी कविताओं से लोगों को फागुन में रंग दिया। व्यग्यकार सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने बीच–बीच में अपनी कविताओं से हास्य की छटा विखेरी। देश के शीर्षस्थ रचनाकार डा0 वुद्धिनाथ मिश्र ने यादों के गजरे कुम्हलाये, आप न आये। यह अमराई कौन अगोरे, अब तो हुए हैं भार टिकोरे, अंग–अंग महुआ गदरायें, आप न आये गीत से बिरहिणी नायिका की मनादेशा कर सजीव चित्रण किया।

अध्यक्षता पूर्व कुलपति शिक्षाविद् प्रो0 राममोहन पाठक ने किया, संचालन श्लेष गौतम ने किया।

# परिवर्तन की प्रेरणा है सावित्री बाई फुले-हरिओम

जौनपुर(आरएनएस )। पूर्वांचल विश्वविद्यालय, में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, महान समाज सुधारक एवं नारी शिक्षा की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को पुष्पांजलि कार्यक्रम एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह की प्रेरणा से आर्यभट्ट सभागार, प्रो. राजेन्द्र सिंह संस्थान में आयोजित हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके महान योगदान को स्मरण किया। मुख्य वक्ता तिलकधारी पी.जी. कॉलेज, के प्रो. हरिओम त्रिपाठी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने ऐसे समय में महिलाओं की शिक्षा का अलख जगाया, जब समाज में महिलाओं को शिक्षा से वंचित रखा जाता था। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि सावित्रीबाई फुले केवल एक शिक्षिका ही नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की सशक्त प्रतीक थीं। शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. अजय दुबे ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाया। विश्वविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सावित्रीबाई फुले के आदर्शों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ हुआ।

# बीएड.-एम.एड.उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का समापन

जौनपुर(आरएनएस )। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बी.एड. एवं एम.एड. प्रथम तथा तृतीय सेमेस्टर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन विश्वविद्यालय के बाला साहब देवरस मूल्यांकन केन्द्र पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया।शिक्षा संकाय के डीन एवं मूल्यांकन समन्वयक प्रोफेसर अजय कुमार दुबे ने बताया कि बी.एड. एवं एम.एड. के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की 90 हजार से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 6 मार्च से 10 मार्च तक किया गया। इस कार्य में लगभग 300 प्राध्यापकों ने सहभागिता करते हुए मूल्यांकन कार्य को शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से सम्पन्न कराया।

# शिविर में 33 मोतियाबिंद मरीज अश्परेशन को रवाना’

जौनपुर(आरएनएस )। लायन्स क्लब व आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन मंगलवार को केयर सेंटर निकट कुत्तुपुर तिराहा पर किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोग अपनी आंखों की जांच कराने पहुंचे। शिविर में 126 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। इनमें से 33 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चुना गया है, जिन्हें निःशुल्क आपरेशन के लिए वाराणसी रवाना किया गया। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. रितु राज और उनकी चिकित्सकीय टीम ने रोगियों की जांच की। संस्थाध्यक्ष सीए राजेश राज गुप्ता ने बताया कि हर माह के दूसरे मंगलवार को ये नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित होता है जिसमें रोगियों के लेन्स प्रत्यारोपण, दवाई, चश्मे, भोजन, आवास और परिवहन की सुविधा सब कुछ निशुल्क रहता है। इस लिए अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठायें। संयोजक डॉ संदीप मौर्य ने कहा कि अगला शिविर इसी स्थान पर 14 अप्रैल को लगेगा। मोहम्मद मुस्तफा, सचिव योगेश साहू, डॉ चन्द्रकला मौर्य, मनोज चतुर्वेदी, राजीव श्रीवास्तव, हस्सान महमूद, अजय आनन्द, शाहीन फात्मा, अजय कुमार, प्रियंका, नेहा, आदि उपस्थित रहे।

# विनिर्माण क्षेत्र में अतिरिक्तलाभ योजना के तहत रोजगार और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा

आजमगढ़ (आर एन एस) सहायक श्रमायुक्त पवन कुमार ने बताया है कि भारत सरकार द्वारा विनिमार्ण क्षेत्र पर विशेष जोर देते हुये सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढाघ्वा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना दिनांक 01 अगस्त, 2025 से प्रारम्भ की गयी है। योजना के अन्तर्गत जहा पहली बार रोजगार करने वाले कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रूपये तक) मिलेगा, वही नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिये दो साल की अवधि के लिये प्रोत्साहन दिया जायेगा, साथ ही विनिमार्ण क्षेत्र के लिये दो साल के लिये विस्तारित लाभ दिया जायेगा। इस योजना के दो भाग है, जिनका विवरण निम्नवत् हैः–

भाग–ए प्रथम बार काम करने वाले कर्मचारियों कें लिये प्रोत्साहनः–म्उचसवलमम च्तवअपकमदज थ्नदक व्तहंदप.
ंजपवद (म्च्थ्व्) के साथ पंजीकृत पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुये इस भाग में एक महीने का वेतन 15,000ध्– रूपये तक दो किस्तों में दिया जायेगा। इसके लिये अधिकतम एक लाख रूपये प्रतिमाह तक के वेतन वाले कर्मचारी ही पात्र होगे। प्रथम किस्त 6 माह की सेवा के उपरान्त एवं दूसरी किस्त 12 माह की सेवा और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूर्ण करने के उपरान्त देय होगी। बचत की आदत को प्रोत्साहन करने के लिये प्रोत्साहन राशि का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिये जमा खाते के बचत साधन में रखा जाएगा और कर्मचारी द्वारा बाद में निकाला जा सकेगा।

भाग–बी नियोंक्ताओं को सहायताः– इस भाग के अन्तर्गत नियोक्ताओं को एक लाख रूपये तक के वेतन वाले कर्मचारियों के सम्बन्ध में प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार नियोक्ताओं को कम से कम छः महीने तक निरन्तर रोजगार वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिये 02 साल तक अधिकतम 3000ध्–रूपये प्रति माह तक का प्रोत्साहन राशि देगी। विनिर्माण क्षेत्र के लिये प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी बढ़ाया जायेगा। ईपीएफओ के साथ पंजीकृत प्रतिष्ठानों को कम से कम छः महीने के लिये निरन्तर आधार पर कम से कम दो अतिरिक्त कर्मचारी (50 से कम कर्मचारी वाले नियोक्ताओं के लिये) या पॉच अतिरिक्त कर्मचारी (50 या अधिक कर्मचारी वाले नियोक्ताओं के लिये) नियुक्ति करने के लिये आवश्यक होगी।

प्रोत्साहन राशि सम्बन्धी संरचना निम्नानुसार होगी, जिसमें 10 हजार रू0 तक अतिरिक्त कर्मचारी का ईपीएफ वेतन स्लैब पर 1000 रू0 तक नियोक्ता को लाभ (प्रतिमाह अतिरिक्त रोजगार), रू0 10 हजार से अधिक और रू0 20 हजार तक अतिरिक्त कर्मचारी का ईपीएफ वेतन स्लैब पर 2000 रू0 तक नियोक्ता को लाभ (प्रतिमाह अतिरिक्त रोजगार) एवं रू0 20 हजार से अधिक (रू0 01 लाख प्रति माह वेतन तक) अतिरिक्त कर्मचारी का ईपीएफ वेतन स्लैब पर 3000 रू0 तक नियोक्ता को लाभ (प्रतिमाह अतिरिक्त रोजगार) प्राप्त होगा। जिन कर्मचारियों का ईपीएफ वेतन 10,000 रूपये तक है, उन्हें आनुपाति प्रोत्साहन राशि मिलेगी।उन्होने प्रतिष्ठानों से अपील किया है कि अपने प्रतिष्ठान को म्च्थ्व् के साईट से एवं कर्मचारियों को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अन्तर्गत म्उचसवलमम च्तवअपकमदज थ्नदक व्तहंदप्रंजपवद (म्च्थ्व्) में उमंग पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कराये जाने का कष्ट करें।

# निर्माण पूरा नहीं, उखड़ने लगी सड़क की परत

जौनपुर(आरएनएस )। बदलापुर तहसील क्षेत्र के बछुआर गांव में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जा रही नई सड़क की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। निर्माण कार्य अभी पूरा भी नहीं हुआ है कि कई जगहों पर सड़क की ऊपरी परत उखड़ने लगी है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके चलते गिट्टी और डामर बनते ही निकलने लगा है।इस खराब गुणवत्ता के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने इसे सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला बताते हुए ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाया है।ग्रामीण नरसिंह तिवारी, रमेश चंद्र, शेष नाथ मिश्र, विवेक पिंटू, गौरीशंकर, कल्लू, पिंटू, पप्पू और दुखरन ने बताया कि इस सड़क परियोजना के लिए 50 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया था। उनका कहना है कि निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा, जिससे सड़क इतनी जल्दी खराब हो रही है।



# महिलाओं को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया

जौनपुर(आरएनएस )। महिला विकास संस्थान और वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नालेज के सहयोग से रामपुर ब्लॉक के भरथी पुर में फोक्सड जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओ और किशोरियों को यौन संचारित रोग, प्रजनन तंत्र संक्रमण रोग और एनेमिया पोषण और माहवारी स्वच्छता के बारे में लगभग 70 लोगो को जागरूक किया गया जिसमे सामाजिक कार्यकत्री पूजा भारती ने बताया की अगर गांव की महिलाए और किशोरियां जागरूक हो जाएंगी तो आने वाला जनरेशन भी जागरूक होगा और गांव की महिलाओ और किशोरियां अपने मुद्दे पर खुल बात करने में सक्षम होंगी तो हमारा जिला एनेमिया पोषण,माहवारी स्वच्छता से जिला और गांव जागरूक होंगा तो देश का विकास होंगा । इस कार्यक्रम में गांव की आशा ,समूह सखी उमाशंकर पूजा भारती आदि लोग उपस्थित रहे।

# संयुक्तसंगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ संपन्न

आजमगढ़ (आर एन एस)विकास खंड लालगंज के समस्त ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सदस्य ग्राम शिक्षा समिति सदस्य ब्लाक अंतर्गत समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक प्रभारी प्रधानाध्यापकों संयुक्त संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय देवगांव प्रथम में आयोजित हुई । कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी लालगंज राजकुमार बैठा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लालगंज उद्धव सिंह सोनू एवं खंड विकास अधिकारी मनोज शर्मा द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के संबंध में डा. विमल कुमार तिवारी खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत किया।कार्यक्रम को उद्धव सिंह सोनू,गणतंत्र श्रीवास्तव प्रभारी एडीओ पंचायत,डा.सत्यप्रिय सिंह अध्यक्ष, भूपनारायण सिंह, रामजन्म यादव,आनन्द यादवश्काजूश्अध्यक्ष प्रधान संघ ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम में रत्नशंकर पांडेय,गंगाप्रसाद यादव, विश्वजीत, शहाबुद्दीन प्रधान, इंद्रसेन सिंह,अमर बहादुर,धनंजय सिंह,अतुल सिंह,संक्रांति,सिद्धार्थ, मनीष सहित समस्त शिक्षकधशिक्षिका एवं प्रधानगण उपस्थित रहे।

# ब्रह्मपुत्र पर चीन का मेगा बांध विकास की परियोजना है या भारत पर रणनीतिक दबाव?

दरअसल ब्रह्मपुत्र केवल एक नदी नहीं बल्कि पूर्वोत्तर भारत की जीवनरेखा है। इसका कुल प्रवाह मार्ग लगभग 2880 किलोमीटर लंबा है, जिसमें करीब 1625 किलोमीटर तिब्बत, लगभग 918 किलोमीटर भारत और करीब 337 किलोमीटर बांग्लादेश में बहता है। हिमालय से निकलने वाली नदियाँ केवल जलधाराएँ नहीं होतीं, वह राजनीति, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के समीकरणों को भी प्रभावित करती हैं। इन्हीं नदियों में से एक है ब्रह्मपुत्र, जो तिब्बत से निकलकर भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और फिर बांग्लादेश तक जीवनदायिनी धारा के रूप में बहती है। हाल के वर्षों में तिब्बत क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र पर चीन द्वारा बनाई जा रही विशाल जलविद्युत परियोजना ने दक्षिण एशिया की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। सवाल उठ रहा है कि क्या यह परियोजना केवल ऊर्जा उत्पादन की जरूरत से प्रेरित है या इसके पीछे भारत पर रणनीतिक दबाव बनाने की योजना भी छिपी हुई है?उल्लेखनीय है कि चीन जिस परियोजना पर काम कर रहा है, उसे दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं में से एक माना जा रहा है। इसकी अनुमानित उत्पादन क्षमता लगभग 60,000 मेगावाट बताई जाती है, जो वर्तमान में दुनिया के सबसे बड़े जलविद्युत संयंत्र 'थ्री गॉर्जेस डैम' से भी कई गुना अधिक है। इस परियोजना पर करीब 1.2 ट्रिलियन युआन, यानी लगभग 140 से 170 अरब डॉलर खर्च होने का अनुमान है। योजना के अनुसार इसमें पाँच बड़े कैस्केड बांध बनाए जाएंगे और इससे हर साल लगभग 300 अरब यूनिट बिजली पैदा की जा सकेगी। यह बिजली उत्पादन कई देशों की कुल वार्षिक खपत के बराबर माना जाता है।यह परियोजना तिब्बत में उस स्थान के पास बनाई जा रही है जहाँ ब्रह्मपुत्र नदी नामचा बरवा पर्वत के आसपास एक विशाल मोड़ बनाकर भारत के अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करती है। भूगोल की दृष्टि से यह स्थान बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यहाँ नदी का प्रवाह बहुत तीव्र हो जाता है और गहरी घाटियाँ बनती हैं। इसी कारण इसे जलविद्युत उत्पादन के लिए अत्यंत उपयुक्त माना जाता है। लेकिन यही भौगोलिक स्थिति भारत और बांग्लादेश के लिए चिंता का कारण भी बन गई है।दरअसल ब्रह्मपुत्र केवल एक नदी नहीं बल्कि पूर्वोत्तर भारत की जीवनरेखा है। इसका कुल प्रवाह मार्ग लगभग 2880 किलोमीटर लंबा है, जिसमें करीब 1625 किलोमीटर तिब्बत, लगभग 918 किलोमीटर भारत और करीब 337 किलोमीटर बांग्लादेश में बहता है। यह दुनिया की सबसे अधिक जलप्रवाह वाली नदियों में से एक है और मानसून के समय इसका औसत जल प्रवाह लगभग 19,800 घन मीटर प्रति सेकंड तक पहुँच जाता है। असम और अरुणाचल प्रदेश की कृषि, मत्स्य पालन, जल परिवहन और पारिस्थितिकी इस नदी पर काफी हद तक निर्भर हैं।हालाँकि एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि ब्रह्मपुत्र का अधिकांश जल भारत में ही बनता है।



विभिन्न अध्ययनों के अनुसार नदी के कुल प्रवाह का लगभग 65 से 70 प्रतिशत हिस्सा भारत में उत्पन्न होता है, जो मुख्यतः मानसूनी वर्षा और सहायक नदियों से आता है। चीन के हिस्से से आने वाला जल लगभग 22 से 35 प्रतिशत के बीच माना जाता है। इसका अर्थ यह है कि चीन भले ही नदी के ऊपरी हिस्से में स्थित हो, लेकिन पूरे नदी तंत्र के जल पर उसका पूर्ण नियंत्रण संभव नहीं है। इसके बावजूद भारत की चिंताएँ पूरी तरह निराधार नहीं कही जा सकतीं। यदि चीन नदी के ऊपरी हिस्से में बड़े पैमाने पर जल संरचनाएँ बनाता है, तो उसे पानी के प्रवाह को नियंत्रित करने की एक हद तक क्षमता मिल सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार यह नियंत्रण कई प्रकार की परिस्थितियाँ पैदा कर सकता है। उदाहरण के लिए, यदि गैर–मानसून के समय पानी रोक लिया जाए तो नीचे के क्षेत्रों में जल की उपलब्धता प्रभावित हो सकती है। वहीं यदि अचानक बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा जाए तो असम और बांग्लादेश में बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है।इसके अलावा एक और महत्वपूर्ण पहलू डेटा नियंत्रण का है। अंतरराष्ट्रीय नदियों के मामले में जल प्रवाह और मौसम से जुड़ा हाइड्रोलॉजिकल डेटा साझा करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। अतीत में भारत और चीन के बीच ऐसे समझौते हुए हैं जिनके तहत चीन मानसून के समय ब्रह्मपुत्र के जल स्तर की जानकारी भारत को देता है। लेकिन जब दोनों देशों के बीच सीमा तनाव बढ़ा, तब कुछ समय के लिए यह डेटा साझा करना भी बाधित हुआ। इससे यह आशंका मजबूत हुई कि जल संसाधन भी भविष्य में कूटनीतिक दबाव का साधन बन सकते हैं।इस परियोजना से जुड़ी पर्यावरणीय चिंताएँ भी कम नहीं हैं। हिमालय का यह क्षेत्र भूकंप और भूस्खलन के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है। यदि किसी बड़े भूकंप या प्राकृतिक आपदा के कारण बांध को नुकसान होता है तो उसके परिणाम नीचे के देशों के लिए विनाशकारी हो सकते हैं। इतनी बड़ी जलराशि का अचानक बहाव असम और बांग्लादेश में गंभीर तबाही ला सकता है।दूसरी ओर, चीन इन आशंकाओं को खारिज करते हुए कहता है कि यह परियोजना "रन–ऑफ–द–रिवर" तकनीक पर आधारित है, जिससे नदी के प्राकृतिक प्रवाह पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। उसका तर्क है कि यह परियोजना स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन कम करने और तिब्बत क्षेत्र के आर्थिक विकास में मदद करेगी। दूसरी ओर भारत भी पूरी तरह निष्क्रिय नहीं है। ब्रह्मपुत्र बेसिन में भारत लगभग 76 गीगावाट जलविद्युत क्षमता विकसित करने की योजना बना रहा है, जिसमें से करीब 52 गीगावाट क्षमता केवल अरुणाचल प्रदेश में संभावित मानी जाती है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य ऊर्जा उत्पादन के साथ–साथ नदी के जल प्रबंधन में संतुलन बनाए रखना भी है।स्पष्ट है कि ब्रह्मपुत्र पर चीन का यह मेगा बांध केवल एक ऊर्जा परियोजना नहीं है। यह आधुनिक दौर की "जल भू–राजनीति" का उदाहरण भी है, जहाँ नदी के स्रोत पर स्थित देश को स्वाभाविक रणनीतिक बढ़त मिल जाती है। चीन इसे विकास और ऊर्जा सुरक्षा की दृष्टि से देखता है, जबकि भारत इसे जल सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों से जोड़कर समझता है। बहरहाल, यह कहा जा सकता है कि ब्रह्मपुत्र भविष्य में सहयोग का माध्यम भी बन सकती है और तनाव का कारण भी।

## सम्पादकीय

### ट्रंप के मूड की तलवार

इस दौर में अमेरिका के साथ हुए हर समझौते के टिकाऊपन पर हमेशा राष्ट्रपति ट्रंप के मूड की तलवार लटकी रहती है। फिर अमेरिका के भीतर स्थितियां अस्थिर हैं। ट्रंप के कदमों पर वहां राजनीतिक आम सहमति नहीं है।

अमेरिका ने अब भारत से सौर ऊर्जा से संबंधित पाट–पुर्जों के आयात पर 126 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। इसे भारत के फूलते–फलते सौर उद्योग पर घातक प्रहार समझा गया है। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने ये कदम उस समय उठाया, जब अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद टैरिफ वॉर के स्वरूप को लेकर अनिश्चय है। ट्रंप ने जिस कानून के तहत दंडात्मक आयात शुल्क लगाए थे, सुप्रीम कोर्ट ने उसे अवैध ठहरा दिया। उसके बाद ट्रंप ने दूसरे कानून के तहत सभी देशों पर दस फीसदी टैरिफ लगाया। बाद में कहा गया कि वे इसे 15 फीसदी तक ले जाएंगे। अब बताया गया है कि आम टैरिफ 10 फीसदी रहेगा और ट्रंप बाकी पांच फीसदी का इस्तेमाल विभिन्न देशों के रुख के हिसाब से करेंगे। इस बीच अलग–अलग उत्पादों (मसलन स्टील) पर लगाए गए शुल्क जारी रहेंगे और नए शुल्क भी ट्रंप लगाते रहेंगे, जैसाकि अब उन्होंने सौर ऊर्जा से संबंधित पाट–पुर्जों पर लगाया है। ऐसे में भारत सहित हर देश के सामने यह प्रश्न है कि ट्रंप प्रशासन से द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने का क्या औचित्य है? किसी समझौते के तहत हुई लेनदेन से देश के अधिकांश उद्योगों और अर्थव्यवस्था के ज्यादातर क्षेत्रों को लाभ ना हो रहा हो, तो वैसा समझौता करने की ललक क्यों दिखाई जानी चाहिए? मुद्दा यह भी है कि इस दौर में अमेरिका के साथ हुए समझौते के टिकाऊपन पर हमेशा ट्रंप के मूड की तलवार लटकी रहती है।

फिर अमेरिका के भीतर स्थितियां अस्थिर हैं। ट्रंप जो कर रहे हैं, उस पर वहां राजनीतिक आम सहमति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय जाहिर हुआ है कि शासन की सभी संस्थाओं के बीच उन कदमों की वैधानिकता पर आम समझ का अभाव है। इसलिए भारत सरकार को ताजा स्थितियों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। अभी भी समय है कि वह पहले इस बारे में देश को भरोसे में ले और राजनीतिक आम सहमति तैयार करे। वरना, समझौते के प्रति उसके उत्साह पर सवाल उठते रहेंगे। उसे याद रखना चाहिए कि ट्रंप के हर मूडी एक्शन के साथ ऐसे सवाल और संगीन होते जाएंगे।

### इसराइल और अमेरिका की निंदा

विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सैन्य क्षमता के देश अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जैसे पूरी दुनिया, विशेषकर मध्य पूर्व एशिया को युद्ध की आग में झोंककर तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। इसराइल ने 28 फरवरी को अमेरिका के साथ मिलकर ईरान में मिसाइलों, बम वर्षक विमानों से एक साथ हमला कर ईरान के सुप्रीम कमांडर अली खुमेनई सहित, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री,43 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। विगत तीन दिन से इसराइल और ईरान में घमासान मचा हुआ है। दूसरी ओर ईरान ने दुबई, कुवैत, यमन, दोहा, जद्दा, बहरीन, आबुधाबी में स्थित अमेरिका के ठिकानों पर हमला कर दिया।दुनियां भर में इसराइल और अमेरिका के इस कृत्य की निंदा हो रही है। यहां तक कि पाकिस्तान और भारत में भी कई शहरों लोगों ने विरोध जताया है। हालांकि भारत आधिकारिक तौर पर विश्व शांति की अपील की है।इस घटनाक्रम का विश्व बाजार पर गहरा असर पड़ेगा। कच्चे तेल की कीमतें बढ़ेगी क्योंकि पूरे विश्व का 22 फीसदी क्रूड ऑयल भंडार ईरान पर है और भारत अपनी जरूरत का तीस फीसदी तेल ईरान से खरीदता है।ईरान ने मिसाइलों से दुबई, कुवैत, यमन, दोहा, जद्दा, बहरीन आबुधाबी,के तेल संयंत्रों को बर्बाद कर दिया है। आज बाजार खुलते ही सेंसेक्स 1000 पॉइंट नीचे गिर गया।दरअसल जब से 2025 से दूसरी बार यू एस प्रेसिडेंट बने हैं डोनाल्ड ट्रंप तब उनके फैसलों में आग निकल रही है। पहले उन्होंने टैरिफ बार खेला और भारत , चाइना को इस जाल में फंसा कर अपनी बात मनवाई।इस वर्ष उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को पकड़कर अमेरिकी जेल में डाल दिया और वेनेजुएला पर कब्जा कर लिया। ईरान पर आठ माह पूर्व उसके परमाणु हथियारों के ठिकानों पर हमला किया। बस रूस ही ऐसा देश है जो अमेरिकी दबाब में नहीं आ रहा है और वह भी यूक्रेन को हड़प रहा है।

कुल मिलाकर स्थिति यह है कि जिसकी लाठी उसकी भैंस। इतना नहीं नाटो देश भी अब अमेरिका के साथ है। जर्मनी, फ्रांस, इंग्लैंड ने अपनी सेना युद्ध में उतारने का मन बना लिया है।

डॉनल्ड ट्रंप से पहले के यू एस प्रेसिडेंट चाहे वह बराक ओबामा रहे हो या जोए बाइडन, यहां तक कि जॉर्ज बुश,सीनियर,जूनियर, विश्व राजनीतिक दखल तो रखते हुए सौम्यता बनाए रखते थे।हालांकि 50 वर्षों में मध्य पूर्व एशिया में अमेरिका ने सऊदी अरब, कुवैत, यमन, दोहा जद्दा, बहरीन, आबुधाबी को अपने रखा कवच में रखा है और वहां पर अमेरिका के सैनिक अड्डे, हवाई जहाज है।

# सऊदी अरब की मदद के लिए रणभूमि में उतर सकता है पाकिस्तान, युद्ध का दायरा और फैलेगा!

ईरान द्वारा सऊदी अरब पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की घटनाओं के बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ गया है। इसी पृष्ठभूमि में पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए सामरिक रक्षा समझौते की परीक्षा शुरू हो गयी है। इस समझौते के अनुसार यदि किसी एक देश पर हमला होता है तो दूसरा देश उसकी सुरक्षा में सहयोग करेगा।पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते सुरक्षा हालात के बीच पाकिस्तान एक बेहद जटिल सामरिक दुविधा में फंस गया है। सऊदी अरब और ईरान के बीच बढ़ते टकराव ने इस्लामाबाद के सामने यह कठिन सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या वह अपने पुराने सहयोगी सऊदी अरब के साथ खड़ा होगा या फिर क्षेत्रीय संतुलन बनाये रखने की कोशिश करेगा। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर के सऊदी दौरे ने इस बहस को और तेज कर दिया है।दरअसल ईरान द्वारा सऊदी अरब पर मिसाइल और ड्रोन हमलों की घटनाओं के बाद क्षेत्रीय तनाव बढ़ गया है। इसी पृष्ठभूमि में पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए सामरिक रक्षा समझौते की परीक्षा शुरू हो गयी है। इस समझौते के अनुसार यदि किसी एक देश पर हमला होता है तो दूसरा देश उसकी सुरक्षा में सहयोग करेगा। इस संकट के बीच पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने रियाद में सऊदी अरब के रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान से मुलाकात की। इस बैठक में ईरानी हमलों और क्षेत्रीय सुरक्षा हालात पर चर्चा की गयी। दोनों देशों ने साझा रक्षा समझौते के तहत संभावित कदमों पर विचार किया।यह मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यदि पाकिस्तान सऊदी अरब का सैन्य समर्थन करता है तो वह सीधे ईरान के साथ टकराव की स्थिति में आ सकता है। पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पहले से ही अस्थिर है और ऐसे में नया संघर्ष उसके लिए गंभीर चुनौती बन सकता है।मगर यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि पाकिस्तान लंबे समय से सऊदी अरब का घनिष्ठ सहयोगी रहा है। सऊदी अरब ने आर्थिक सहायता और तेल आपूर्ति के माध्यम से कई बार पाकिस्तान की मदद की है। दूसरी ओर पाकिस्तान की ईरान के साथ लंबी सीमा लगती है और इन दोनों देशों के बीच भी सुरक्षा और ऊर्जा से जुड़े कई हित हैं। यही कारण है कि अब तक पाकिस्तान ने इस संघर्ष में सीधा शामिल होने से बचने की कोशिश की है। विश्लेषकों का मानना है कि यदि इस्लामाबाद खुलकर सऊदी अरब के पक्ष में उतरता है तो इससे ईरान के साथ संबंध गंभीर रूप से बिगड़ सकते हैं और सीमा पर तनाव बढ़ सकता है।हम आपको बता दें कि इस संकट का एक महत्वपूर्ण पहलू पाकिस्तान की आंतरिक राजनीति भी है। देश में सुन्नी और शिया समुदाय दोनों की बड़ी आबादी है। ईरान शिया बहुल देश है जबकि सऊदी अरब सुन्नी नेतृत्व वाला राष्ट्र है। ऐसे में यदि पाकिस्तान किसी एक पक्ष का खुला समर्थन करता है तो देश के भीतर सांप्रदायिक तनाव बढ़ने की आशंका भी रहेगी। अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद पाकिस्तान के कई शहरों में शिया समुदाय के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किये थे और गुस्साई भीड़ ने पाकिस्तान स्थित अमेरिकी मिशन पर हमला भी बोल दिया था। इसके बाद हालात काबू करने के लिये सुरक्षा बलों को कार्रवाई करनी पड़ी थी जिसमें कई लोगों के मारे जाने की खबरें सामने आयीं। इस घटना ने इस्लामाबाद की चिंता और बढ़ा दी है। पाकिस्तान की सरकार को आशंका है कि यदि वह खुलकर ईरान के खिलाफ सऊदी अरब के समर्थन में सेना उतारता है तो देश में मौजूद शिया समुदाय भड़क सकता है और आंतरिक सुरक्षा की स्थिति बिगड़ सकती है। इसी कारण पाकिस्तान की सरकार और सेना अब तक संतुलित नीति अपनाने की कोशिश करती रही है।

इसके अलावा, पाकिस्तान की भूमिका इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वह एक परमाणु शक्ति है और मुस्लिम देशों में उसकी सेना को काफी प्रभावशाली माना जाता है। यदि पाकिस्तान सऊदी अरब के साथ सैन्य रूप से जुड़ता है तो इससे पूरे क्षेत्र में शक्ति संतुलन बदल सकता है। इसके अलावा यह संघर्ष वैश्विक राजनीति को भी प्रभावित कर सकता है। पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजराइल, चीन और रूस जैसे बड़े देशों के हित जुड़े हुए हैं। ऐसे में पाकिस्तान का कोई भी फैसला केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक समीकरणों को भी प्रभावित करेगा।वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान फिलहाल सीधा युद्ध में शामिल होने से बचने की कोशिश करेगा। लेकिन यदि सऊदी अरब पर हमले बढ़ते हैं और रक्षा समझौते के तहत दबाव बढ़ता है तो इस्लामाबाद के सामने कठिन निर्णय लेने की नौबत आ सकती है। फिलहाल असीम मुनीर की कूटनीतिक सक्रियता इसी संतुलन को साधने की कोशिश के रूप में देखी जा रही है। आने वाले समय में पाकिस्तान का रुख यह तय करेगा कि पश्चिम एशिया का यह संकट कितना व्यापक रूप लेता है। हालांकि सैन्य इतिहास पर नजर डालें तो पाकिस्तान की सेना आज तक किसी युद्ध में जीत हासिल नहीं कर सकी है।

भारत के साथ हुए युद्धों सहित कई सैन्य टकरावों में पाकिस्तान को करारी हार ही मिली है। ऐसे में यदि पाकिस्तान सऊदी अरब के समर्थन में किसी संघर्ष में उतरता भी है तो उससे युद्ध के व्यापक परिदृश्य में कोई बहुत बड़ा सामरिक बदलाव आने की संभावना कम ही है। विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान की भागीदारी अधिकतर प्रतीकात्मक या सीमित सैन्य सहयोग तक ही रह सकती है, जबकि संघर्ष की दिशा मुख्य रूप से क्षेत्रीय महाशक्तियों की रणनीति से ही तय होगी।

# सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के लिए जनऔषधि परियोजना का रणनीतिक विकास

जगत प्रकाश नड्डा

जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ

किसी राष्ट्र की प्रगति का असली पैमाना अक्सर इस बात से परिलक्षित होता है कि उसके नागरिक स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं तक कितनी आसानी से पहुँच सकते हैं। दशकों तक, भारत के लाखों लोगों के स्वास्थ्य और आरोग्य के लिए दवाओं की उच्च लागत एक प्रमुख वित्तीय बाधा रही है। इस संदर्भ में, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना (पीएमबीजेपी), प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं को उनके ब्रांडेड समकक्षों की तुलना में काफी कम कीमत पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल है। यह परियोजना सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल में एक महत्वपूर्ण कमी को दूर करके एक व्यापक और व्यवस्थित परिवर्तन लाने में सफल रही है।वैश्विक स्तर पर, जेनेरिक दवाइयाँ सुलभ स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों की मूलभूत आधारशिला हैं। विश्व भर में चिकित्सकों द्वारा दी जाने वाली कुल दवाइयों में इनकी हिस्सेदारी लगभग 80–90 प्रतिशत है और इसने आवश्यक दवाओं तक पहुँच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यद्यपि जेनेरिक दवाइयाँ पैकेज, लेबल और निष्क्रिय अवयव की दृष्टि से भिन्न हो सकती हैं, लेकिन अध्ययनों से पता चला है कि ये अंतर उनके चिकित्सीय प्रभाव पर असर नहीं डालते हैं। खुराक, सुरक्षा, क्षमता, गुणवत्ता और लक्षित उपयोग के संदर्भ में जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की समकक्ष हैं तथा उत्पादन और गुणवत्ता के कठोर मानकों का समान रूप से पालन करती हैं। पीएमबीजेपी केवल एक खुदरा–बिक्री कार्यक्रम नहीं हैय यह भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के संरचनात्मक सशक्तिकरण को दर्शाता है। यह इस साल के जनऔषधि सप्ताह के थीम में परिलक्षित होता है, जन औषधि सस्ती भी, भरोसेमंद भी, सेहत की बात, बचत के साथ, यह थीम लाखों लाभार्थियों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है। 18,000 से अधिक जनऔषधि केंद्रों के तेजी से बढ़ते नेटवर्क के माध्यम से, योजना ने सुनिश्चित किया है कि दवाइयाँ बाजार दरों की तुलना में 50 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक की कम कीमतों पर उपलब्ध हों और सभी सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों को समर्थन प्रदान करती हों। क्षेत्र सर्वेक्षणों से पता चला है कि लाभार्थी लागत बचत और दवाइयों तक बेहतर पहुँच की सराहना करते हैं।योजना का पैमाना इसके उत्पाद संग्रह से भी परिलक्षित होता है। जनऔषधि 2,110 दवाओं और 315 सर्जिकल उत्पादों का विस्तृत संग्रह पेश करता है, जो 29 विभिन्न चिकित्सीय क्षेत्रों को शामिल करती है। भारतीय औषधि एवं चिकित्सा उपकरण ब्यूरो (पीएमबीआई) के प्रत्यक्ष देखरेख में, संग्रह का विस्तार एक गतिशील, डेटा–संचालित प्रक्रिया है, जिसमें बाजार विश्लेषण, हितधारकों की भागीदारी और एक समर्पित विशेषज्ञ समिति की कठोर निगरानी शामिल हैं। इससे सुनिश्चित होता है कि योजना देश की बदलती स्वास्थ्य आवश्यकताओं और औषधीय मांगों के अनुरूप विकसित होती रहे।कठोर नियामक निरीक्षण के साथ, भारतीय दवा कंपनियां 200 से अधिक देशों के लिए भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता बन गई हैं, जिसमें अमेरिका, यूके और यूरोपीय संघ जैसे अत्यधिक विनियमित बाजार भी शामिल हैं। भारतीय दवा कंपनियां लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और पूर्वी यूरोप जैसे उभरते बाजारों में भी विस्तार कर रही हैं।

यह उद्योग जैविक दवाओं के समान दवाओं (बायोसिमिलर), जैविक दवाओं के जेनेरिक प्रतिरूपों पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है, साथ ही जटिल जेनेरिक और विशेष दवाओं का उत्पादन करने के लिए अनुसंधान और विकास में भी अधिक निवेश कर रहा है। ये दूरदर्शी कार्यक्रम भारत को न केवल एक वैश्विक उत्पादन केंद्र के रूप में, बल्कि किफायती दवाओं के क्षेत्र में भविष्य के नवाचार अग्रणी देश के रूप में भी स्थापित करते हैं। गुणवत्ता बनाम मूल्य पर बहस कभी–कभी सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करती है। एक बहु–स्तरीय गुणवत्ता आश्वासन व्यवस्था के माध्यम से,पीएमबीजेपी ने इस मिथक को प्रभावी ढंग से तोड़ दिया है कि किफायती होना निर्माण मानकों में समझौते का संकेत देता है। दवाइयाँ डब्ल्यूएचओ–जीएमपी प्रमाणित निर्माताओं से खरीदी जाती हैं, जो वैश्विक उत्पादन मानकों का पालन सुनिश्चित करती हैं। नियम निर्धारित करते हैं कि फार्मेसी की शेल्फ तक पहुंचने से पहले दवा के हर बैच का राष्ट्रीय परीक्षण और अंशांकन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एनएबीएल) द्वारा स्वीकृत प्रयोगशालाओं में सख्त सत्यापन होना आवश्यक है। ये दवाइयाँ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के नियमों का पालन करती हैं और ब्रांडेड विकल्पों के सुरक्षा और प्रभावशीलता मानकों के अनुरूप हैं। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खरीद से पहले सावधानीपूर्वक समीक्षा की जाती है और खरीद के बाद प्रयोगशाला में परीक्षण किया जाता है। परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसी, पीएमबीआई नियमित रूप से दवाओं की गुणवत्ता की निगरानी और समीक्षा करती है, ताकि स्थापित विनियमों के पालन में कोई कोताही न होना सुनिश्चित किया जा सके।

एक आईटी–संचालित वितरण नेटवर्क, जिसे पांच अत्याधुनिक भंडार गृहों और देशभर के में 41 विशेष वितरकों का समर्थन प्राप्त है, ने सुनिश्चित किया है कि आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के खिलाफ सुदृढ़ बनी रहे।तीन स्तंभों – पहुँच, गुणवत्ता और सस्ती कीमत – पर ध्यान केंद्रित करके, पीएमबीजेपी ने लाखों लोगों के चिकित्सा खर्च को काफी हद तक कम कर दिया है। निरंतर संस्थागत समर्थन, लोगों की बढ़ती जागरूकता और अवसंरचनात्मक सुधारों के साथ, हर जिले में जनऔषधि केंद्र का सपना अब दूर की आकांक्षा नहीं, बल्कि यह ठोस रूप ले चुका है और वास्तविकता के करीब है।शविकसित भारत ञ्च2047 दृष्टि के तहत मुख्य ध्यान इस बात पर है कि हर किसी के लिए एक सुदृढ़, न्यायसंगत और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाई जाए।

## आज का राशिफल

मेष राशि

आज का दिन आपके लिए ताजगी भरा रहेगा। शैक्षणिक संस्थान में कार्यरत लोग आने वाले कल की आर्थिक योजनाएं बनाने में व्यस्त रहेंगे।

वृष राशि–

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप अपने संपर्क में आने वाले सभी लोगों से प्रेमपूर्ण व्यवहार करेंगे, आपकी बातों से कुछ लोग प्रभावित होंगे। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी।

मिथुन राशि–

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी व्यक्ति से आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े–बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी।

कर्क राशि

आज आपका दिन ठीक–ठाक रहेगा। आप अपने व्यक्तित्व को निखारने का प्रयास करेंगे। खेल कूद से जुड़े लोग अच्छी प्रदर्शन के लिए कुछ नई ट्रिक्स आजमाएंगे। कपड़े का कारोबार कर रहे लोगों को आज बढ़िया मुनाफा हो सकता है।

सिंह राशि–

आज आपके लिए यादगार रहेगा। आज असंभव सा लगने वाला कार्य आसानी से पूर्ण हो जायेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे।

कन्या राशि–

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका दिन घूमने–फिरने में अधिक बीतेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को अचानक बड़ा धान लाभ होगा। पैसे का लेन दृदेन बढ़ने की संभावना है।

तुला राशि–

आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे आज आपकी मेहनत रंग लाएगी आज व्यवसाय में बढ़िया लाभ होने की सम्भावना है।

वृश्चिक राशि

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपको अपनी मेहनत का सकारात्मक परिणाम प्राप्त होगा। आज किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि मिलेगी।

धनु राशि

आज आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। विद्यार्थियों को आज अपने टाइम टेबल में बदलाव करने की जरूरत है अलास्य का त्याग करें सफलता अवश्य मिलेगी।

मकर राशि–

आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज अत्यधिक समय परिवार के साथ बिताएंगे साथ ही घर में विशेष अनुष्ठान करवाने की योजना भी बनायेंगे।

कुंभ राशि–

आज आपका दिन मिला–जुला अनुभव वाला रहेगा। घर पर अचानक खास रिश्तेदार आ सकता है, जिससे घर के माहौल में कुछ अच्छे बदलाव आयेंगे।

मीन राशि–

आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको परिवार से जुड़ी कुछ नई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। आज आपके बॉस आपके घर डिन्नर पर आ सकते है। दोस्तों की मदद से आपके काम की प्लानिंग सफल होगी।

# आशुतोष ब्रह्मचारी ने सुरक्षा के लिए प्रयागराज में पशक्सो की विशेष कोर्ट में दिया प्रार्थनापत्र

प्रयागराज। जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ एक मामले में मुकदमा दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी ने फिर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इस बार उन्होंने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की गौ प्रतिष्ठा यात्रा रोकने और उनके विदेश जाने पर रोक लगाने की मांग की है। मामले की सुनवाई 13 मार्च को होगी। रीवा एक्सप्रेस में कथित हमले में घायल आशुतोष ब्रह्मचारी सोमवार को इलाहाबाद जिला न्यायालय पहुंचे। उन्होंने शंकराचार्य के शिष्यों और समर्थकों पर ट्रेन में हमला करने का आरोप लगाया। आशुतोष ने कहा कि शंकराचार्य की गौ प्रतिष्ठा यात्रा को रोका जाना चाहिए और उनकी सभा पर रोक लगाई जानी चाहिए। आशंका जताई की मुकदमे से बचने के लिए शंकराचार्य विदेश भाग सकते हैं। इसलिए उनका वीजा पासपोर्ट जब्त किया जाना चाहिए।स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद पर बटुकों से दुष्कर्म का आरोप लगाने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी ने सुरक्षा मांगी है। उन्होंने सोमवार को जिला अदालत के पॉक्सो की विशेष न्यायालय में प्रार्थनापत्र देकर सुरक्षा की मांग की है। प्रार्थनापत्र पर सुनवाई के लिए विशेष न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया ने 13 मार्च की तारीख तय की है। कहा गया है कि किशोर न्याय बोर्ड के तहत बच्चों को तत्काल सुरक्षा मुहैया कराई जाए।आशुतोष पर रीवा एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान रविवार को हमला हुआ। इससे उनकी नाक में चोट आई है।

# विश्व शांति हेतु बाघम्बरेश्वर महादेव का दिव्य अभिषेक

## पांच दिवसीय अनुष्ठान के चौथे दिन मठ बाघम्बरी में गूंजे जयकारे

प्रयागराज। लोक–कल्याण और विश्व शांति की कामना के साथ आयोजित पांच दिवसीय विशेष अनुष्ठान सोमवार को अपने चौथे दिन में प्रवेश कर गया। श्री मठ बाघम्बरी गद्दी के महंत बलवीर गिरि जी महाराज के सानिध्य में आज का दिन देवाधिदेव महादेव की आराधना को समर्पित रहा।सोमवार सुबह मठ बाघम्बरी गद्दी परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। उत्तर और दक्षिण भारत के प्रकांड विद्वान ब्राह्मणों की उपस्थिति में महंत बलवीर गिरि जी ने श्री बाघम्बरेश्वर महादेव का दिव्य अभिषेक संपन्न किया। दूध, दही, घी, शहद और गंगाजल से भगवान शिव का तर्पण किया गया, साथ ही विश्व में शांति की स्थापना हेतु विशेष आहुतियां दी गईं। श्री मठ बाघम्बरी गद्दी के महंत बलवीर गिरि महाराज ने बताया कि अनुष्ठान के चौथे दिन रुद्र अभिषेक के साथ–साथ लोक–कल्याण के लिए महामृत्युंजय मंत्रों का जाप भी किया गया। महंत बलवीर गिरि ने इस अवसर पर वर्तमान वैश्विक हालातों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के कई देश भीषण युद्ध और अशांति के दौर से गुजर रहे हैं, जहाँ निर्दोष मानवता त्राहि–त्राहि कर रही है। ऐसे कठिन समय में हनुमान जी और महादेव ही संकटमोचक हैं। उन्होंने प्रार्थना की कि प्रभु सभी को सद्बुद्धि दें और युद्ध का अंत कर शांति का मार्ग प्रशस्त करें। यह पांच दिवसीय अनुष्ठान अब अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है। अनुष्ठान की शुरुआत प्रथम व द्वितीय दिवस पर लेटे हुए श्री बड़े हनुमान मंदिर में गणपति पूजन और अष्टद्रव्य हवन के साथ हुई थी। तृतीय व चतुर्थ दिवस पर मठ बाघम्बरी गद्दी में बाघम्बरी माता का अभिषेक और सोमवार को बाघम्बरेश्वर महादेव का पूजन किया गया।

# रानीपुर टाइगर रिजर्व में महिला शक्ति का हुआ सम्मान

चित्रकूट। रानीपुर टाइगर रिजर्व के बरगढ़ रेंज अंतर्गत हरदिहा पौधशाला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला शक्ति के प्रति सम्मान प्रकट करने और समाज में उनके अमूल्य योगदान को रेखांकित करने के उद्देश्य से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान ऊंचाडीह ऊषा देवी उपस्थित रहीं। इस मौके पर पौधशाला में कार्यरत महिला श्रमिकों के परिश्रम और समर्पण की सराहना की गई। जमीरा, कल्यिहा आदि समस्त पौधशालाओं में कार्य कर रही महिला श्रमिकों के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि ने महिलाओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। जिन्होंने महिलाओं के अधिकारों और उनके विकास के संकल्प को दोहराया।

# आज होगी सिंचाई बंधु की बैठक

चित्रकूट। अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड प्रथम सचिव सिंचाई बंधु एसके प्रसाद ने बताया कि सिंचाई बंधु की मासिक समीक्षा बैठक 10 मार्च को प्रातः 11 बजे से अध्यक्ष सिंचाई बंधु दिनेश पटेल की अध्यक्षता में न्यू सिंचाई कॉलोनी के मीटिंग हाल कर्वी में आयोजित की जाएगी। बैठक के लिए नामित सदस्यों से निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रतिभागी करने की अपील की है।

# टीम इंडिया की जीत पर मनाया होली-दिवाली जैसा जश्न

## सड़कों पर एक साथ झूमें हजारों फैन, तिरंगा लहराया

प्रयागराज। टी 20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में जश्न का माहौल देखने को मिला। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मुकाबले में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को हराकर लगातार दूसरी बार टी–20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम कर लिया। जैसे ही भारत की जीत तय हुई, वैसे ही प्रदेश भर में क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया।

प्रयागराज में भी टीम इंडिया की जीत को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। शहर में कई जगहों पर बड़ी एलसीडी स्क्रीन लगाकर लोगों ने सामूहिक रूप से मैच का आनंद लिया। शाम से ही समर्थकों की भारी भीड़ अलग–अलग स्थानों पर जुटने लगी थी और जैसे ही भारत जीत के करीब पहुंचा, सड़कों पर जश्न शुरू हो गया। शहर के लोकनाथ, जानसेनगंज, अल्लापुर और सिविल लाइंस इलाके में हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी सड़कों पर उतर आए। हाथों में तिरंगा लहराते हुए समर्थक डीजे की धुन पर नाचते–गाते नजर आए। कहीं ढोल–नगाड़ों की थाप पर लोग झूमते दिखे तो कहीं रंग–गुलाल उड़ाकर होली जैसा जश्न मनाया गया।

कई जगहों पर समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और ष्भारत माता की जयष के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा। युवा, बच्चे और बुजुर्ग सभी इस ऐतिहासिक जीत की खुशी में शामिल होते नजर आए। शहर के लगभग हर इलाके में देर रात तक जश्न का माहौल बना रहा।

# बाढ़ नियंत्रण एवं ड्रेनेज योजना पर हुई मंडल स्तरीय समन्वय बैठक

## जलभराव की समस्या के समाधान हेतु पंपिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना को अनुमोदन

प्रयागराज। मंडलायुक्त श्रीमती सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता तथा जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण ऋषिराज, नगर आयुक्त साई तेजा तथा अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में आयुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में अर्बन फ्लड, जल प्लावन नियंत्रण एवं स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज योजना के संबंध में मंडल स्तरीय प्रशासनिक समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वर्षा ऋतु के दौरान शहर के निचले क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाली जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर निगम के सहयोग से चिन्हांकित ऐसे क्षेत्रों, जहां बरसात के समय जलजमाव की समस्या अधिक देखने को मिलती है, वहां वर्षा जल की निकासी सुनिश्चित करने के लिए नालों पर डैम, गेट और पंपिंग स्टेशन स्थापित कर अतिरिक्त वर्षा जल की निकासी हेतु बनाई गई योजना को प्रशासनिक समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। इस योजना का उद्देश्य शहर के निचले और संवेदनशील इलाकों में जलभराव की स्थिति को नियंत्रित करना तथा नागरिकों को होने वाली असुविधा को कम करना है।पंपिंग सिस्टम से निकलने वाले कुल जल प्रवाह की निगरानी और सटीक माप के लिए फ्लो–मीटर लगाए जाएंगे। साथ ही पंप कंट्रोल पैनल में रिमोट मॉनिटरिंग एवं कम्युनिकेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे केंद्रीय मॉनिटरिंग कक्ष को वास्तविक समय में आवश्यक सूचनाएं प्राप्त होती रहेंगी और प्रणाली की प्रभावी निगरानी संभव हो सकेगी।

# गोद भराई व अन्न प्रासन करतीं आयोग सदस्य।

चित्रकूट। राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने आंगनबाड़ी केंद्र तरौंहां में लाभार्थियों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। केंद्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्री पूजा सोनी ने बताया कि 6 माह से 3 वर्ष के 68 बच्चे, 3 वर्ष से 6 वर्ष के 48 बच्चे, 15 गर्भवती महिलाएं व 4 धात्री माताएं, 14 से 18 वर्ष की 22 किशोरी पंजी.त हैं। 26 फरवरी का पोषाहार वितरण एफआरएस से किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र पर 3 से 6 बर्ष के बच्चों की दैनिक गतिविधियों कराये जाने विषय पर बताया गया कि 20 से 25 बच्चे दैनिक रूप से केंद्र पर आते है। जिन्हें विद्यालय के मीनू अनुसार हाटकुक्ड मील खिलाया जाता है। इस दौरान दो बच्चों का अन्न प्राशन, दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई व पांच लाभार्थियों को पोषाहार वितरण किया गया। इस दौरान सदस्य ने आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित महिलाओं व किशोरियों से महिला उत्पीड़न एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, सीडीपीओ शहर बीएल गुप्ता, वार्ड मेंबर हेमलता कुशवाहा व अन्य जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय 36वीं राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ

## -खेलों से बच्चों का होता है सर्वांगीण विकास, सरकार दे रही बढ़ावा संदीप सिंह

अयोध्या। परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत नौनिहाल बच्चों खेल प्रतिभा को तराशने और आगे बढ़ाने के लिए तीन दिवसीय 36वीं राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्य मंत्री संदीप सिंह द्वारा डाभासेमर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल में मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इस मौके जबरदस्त आतिशबाजी भी हुई। एडी बेसिक कौस्तुभ कुमार सिंह और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लालचंद द्वारा मुख्य अतिथि और उपस्थित विधायकगण का बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया और मुख्य अतिथि को श्रीराम मंदिर और मोमेंटो दिया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में विभिन्न मंडल के बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि को मार्च पास्ट कर सलामी दी गई। बच्चों द्वारा स्वागत गीत और अन्य प्रस्तुतियों ने मैदान में उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अयोध्या मण्डल के सुल्तानपुर की अनुश्री द्वारा सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई तथा धाविका अनुश्री द्वारा मशाल दौड़ के साथ प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने कहा कि खेलों में प्रतिभाग के माध्यम से बच्चे अपनी क्षमता को आगे ले जाने के जज्बे के साथ ही टीम और प्रतिस्पर्धा की भावना के विकास, नई– नई चुनौतियों का सामना करने और भय बाधा को पार करते हुए विजय प्राप्त करना सीखते हैं। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक विकास के साथ ही बच्चे के चरित्र निर्माण में भी भूमिका निभाता है। खेल हमारे सीखने समझने की क्षमता बढ़ाता है और जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है।कोई भी खेल हमें नियमों का पालन करना और नियमित जीवन जीना सिखाता है। राज्यमंत्री ने सभी प्रतिभागियों को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोई भी हार अंतिम नहीं होती बल्कि एक अच्छे खिलाड़ी के लिए नई शुरुआत का दरवाजा खोलती है, गलतियों में सुधार कर लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता करती है। मैदान उपस्थिति बच्चों में ही कोई बच्चा आगे हमारे देश का प्रतिनिधित्व करेगा उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की जिम्मेदारी नई पीढ़ी पर है जो इन खेलों द्वारा ही प्राप्त होगी।प्रतियोगिता आयोजन की सराहना करते हुए बेसिक शिक्षा मंत्री ने एडी बेसिक अयोध्या की सराहना किया और व्यवस्था में लगे सभी व्यायाम शिक्षकों, शिक्षकों और नन्हे मुन्ने बच्चों सभी को शुभकामनाएं दिया। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा सरकार की योजनाओं से ग्रामीण अंचल से निकलकर बच्चे ब्लॉक,जिला मंडल और प्रदेश स्तर पर नाम रोशन करते है,जो बच्चों को अच्छा करने के लिए प्रेरित करता है।मिल्कीपुर विधायक चंद्रभान पासवान ने कहा कि योगी सरकार में खेलों को बढ़ावा मिला है और बच्चे निरंतर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।भाजपा जिला अध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने क्रीडा प्रतियोगिता अयोध्या में आयोजित करने के लिए बेसिक शिक्षा मंत्री का आभार जताया और बच्चों को शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर एडी बेसिक को कौस्तुभ कुमार सिंह, देवीपाटन एडी बेसिक रमापति राम त्रिपाठी, झांसी एडिबेसिक संतोष देव पांड्ेय और गोरखपुर एडी बेसिक संगीता सिंह,अयोध्या बीएसए लालचंद ,अमेठी बीएसए संजय तिवारी,बाराबंकी बीएसए नवीन पाठक,अंबेडकर नगर बीएसए शैलेस पटेल, जिला व्यायाम शिक्षक विश्वनाथ सिंह,मंडलीय व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी,संदीप सिंह मो हसन,अनिल सिंह,धीरज शुक्ला ,सरवरे आलम पंकज द्विवेदी नीरज शुक्ला,विवेक सिंह आदि मौजूद रहे।

# संगठित हिन्दू समाज ही पूरे विश्व को दिशा दे सकता है - मनोज

## -राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या महानगर ने आयोजित किया प्रमुख जन गोष्ठी

अयोध्या। संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या महानगर में का. सु. साकेत महाविद्यालय , अयोध्या के सभागार में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र मनोज जी ने कहा कि एकत्व की भावना ही हिन्दुत्व है। सर्वत्र ईश्वर का दर्शन ही सनातन भारत का दर्शन है। हिन्दू सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना करता है, जबकि अन्य देश सिर्फ अपनी ही भलाई चाहते हैं। इसलिए संगठित हिन्दू समाज ही पूरे विश्व को दिशा दे सकता है।उन्होंने संघ शताब्दी वर्ष के विषय में विस्तार पूर्वक बताया और संगठन द्वारा किए जा रहे सभी प्रकार के कार्यों की चर्चा किया और उन्होंने संघ की 100 वर्ष की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन के लिए शताब्दी वर्ष महत्वपूर्ण बात है। आज संघ की समाज में स्वीकार्यता बढ़ी है, लेकिन संगठन को सभी लोग निकटता और गहराई से समझें, इसलिए शताब्दी वर्ष में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। संघ की व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की कार्यपद्धति पर आज जर्मनी, रूस सहित 50 देश शोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीनकाल से ही विश्व का समृद्ध देश रहा है, जो दुनियाभर में ज्ञान के अलावा वस्तुओं का निर्यात करता था। इसका उल्लेख विदेशी लेखकों ने भी किया है। फिर भी हमारे देश को पराधीन होना पड़ा। इसका चिंतन करते हुए डॉ. हेडगेवार निष्कर्ष पर पहुंचे कि समाज के बिखराव के कारण ही आक्रांताओं ने हम पर शासन किया। समाज को संगठित करने के लिए उन्होंने 1925 में संघ की स्थापना की। प्रारंभिक दौर में उपेक्षा और मिथ्या आरोप लगाकर तीन बार प्रतिबंध लगा संगठन की छवि धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया गया। इसके बावजूद संघ मजबूती से आगे बढ़ा। उन्होंने कहा कि धर्म रिलीजन नहीं, यह कर्तव्य है। इसलिए लोगों को माता–पिता सहित समाज और राष्ट्र के प्रति भी अपने कर्तव्य का निर्वहन ईमानदारी से करना चाहिए। समाज से संगठित होकर देशहित में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. मंजूषा पांडेय, अयोध्या महानगर सह संघचालक डा. अजय मोहन, साकेत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दानपति तिवारी, गोविंद आश्रम महंत वीरेंद्र दास मंचस्थ रहे। इस अवसर पर अयोध्या महानगर प्रचारक सुदीप, सायं प्रचारक आकाश, महानगर कार्यवाह देवेन्द्र, महानगर सह कार्यवाह राहुल सिंह, प्रांत संपर्क प्रमुख डा. शिव कुमार तिवारी, महानगर संपर्क प्रमुख डा. आलोक सिंह , सह संपर्क प्रमुख रवि दास, कुटुंब प्रबोधन सह संयोजक पवन पांडेय, प्रधानाचार्य अवनी कुमार शुक्ला, विद्या भारती से सेवा. राज कुमार सिंह, बालेन्दु भूषण सिंह, राजीव मणि पाठक, डा. अनिल सिंह, एडवोकेट के. एन. सिंह, रोहित पांडेय, प्रो. अजय कुमार सिंह, डा. प्रणव, दुर्गा प्रसाद तिवारी, अशोक सिंह नगर संघ चालक डा . संजीव थापर, सुमधुर, समाजसेवी अवधेश वर्मा, डा. आर के सिंह, अवधेश मिश्रा, राम लला नगर कार्यवाह अभय पांडेय, महंत राम मिलन दास, महंत संजीव दास सहित सैकड़ों प्रमुख जन उपस्थित रहें ।

# विधायक ने विद्यालय पत्रिका इटवा ज्योति व कैलेंडर किया का विमोचन

चित्रकूट। राजकीय हाईस्कूल इटवा डुडैला के मुख्य द्वार के उद्घाटन एवं विद्यालय की प्रथम पत्रिका इटवा ज्योति तथा विद्यालय के कैलेंडर का विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविनाश चंद्र दिवेदी विधायक मऊ मानिकपुर एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजकीय शिक्षक संघ की प्रांतीय संरक्षिका छाया शुक्ला एवं प्रांतीय अध्यक्ष सत्य शंकर मिश्र तथा प्रधान संघ अध्यक्ष प्रभात पांडेय मऊ, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज ऊचाडीह के प्रधानाचार्य आशीष मिश्र, लखनऊ से आए सीनियर एडवोकेट अनिल कुमार शुक्ला के अलावा दिगम्बर जैन हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी रवी दादा ने किया। छात्र छात्राओ द्वारा सरस्वती वंदना एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामेश्वर प्रसाद पांडेय द्वारा मुख्य अतिथि अविनाश चन्द्र दिवेदी एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन एवं उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि से विद्यालय के उचची.त के साथ ही बिजली, पानी की समस्या को दूर करने की मांग की। इस पर विधायक ने निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

# पट्टे निरस्त होने से ग्रामीण परेशान, किया प्रदर्शन

चित्रकूट। मानिकपुर तहसील क्षेत्र के खरौंध गांव में दिए गए पट्टों को चकबंदी के दौरान निरस्त किए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी जताकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। डीएम पुलकित गर्ग को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की।गांव के धर्मपाल, बच्चा, लल्लू, रविशंकर, चुनबाद, सुंदी, बड़कू, गुड्डी, जागिया, राधा और धनराज आदि ग्रामीणों का कहना है कि 1359 और 1360 फसली के पूर्व हुए सर्वे में बुंदेलखंड क्षेत्र की अधिकांश भूमि नदी, बीहड़, पहाड़ और नालों के रूप में दर्ज थी, जिसे अभिलेखों में श्रेणी छह की भूमि के रूप में अंकित किया गया था। जमींदारी उन्मूलन के बाद यही बीहड़ भूमि भूमिहीन ग्रामीणों को पट्टे पर दे दी गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि चक आवंटन के बाद पुराने अभिलेखों के आधार पर उनकी जमीनों को निरस्त किया जा रहा है, जिससे किसानों में असंतोष फैल गया है। ग्रामीणों ने डीएम से मांग की है कि अभिलेखों में श्रेणी परिवर्तन कराकर किसानों के पट्टे निरस्त होने से रोका जाए।

# भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व विजेता होने पर कांग्रेस ने दी बधाई

प्रयागराज। भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा टी–20 विश्व कप जीतने पर कांग्रेस जनों ने बधाई दी है। शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक चौक स्थित पार्टी कार्यालय में अध्यक्ष फुजैल हाशमी के अध्यक्षता में हुई। बैठक में अहमदाबाद में भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा टी–20 विश्व कप लगातार दूसरी बार और कुल तीन टी–20 विश्व कप जीतने वाली पहले टीम बनने के इतिहास की खुशी का इजहार किया गया। कांग्रेसजनों ने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ संजू सैमसन, बुमराह , ईशान किशन सहित सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाइयां बताकर खुशी मनाई। इस अवसर पर किशोर वार्ष्णेय, हरिकेश त्रिपाठी, अनूप त्रिपाठी, तलत अजीम, सुष्मिता यादव, परवेज सिद्दीकी, मानस शुक्ला, अफरोज अहमद, प्रदीप द्विवेदी, राकेश श्रीवास्तव, राजकुमार शुक्ला, नयन कुशवाहा, सरताज मोहम्मद, प्रतिमा त्रिपाठी, मोहम्मद जावेद, कामेश्वर सोनकर, शकील अहमद, मो. हसीन, अजय श्रीवास्तव, केशव पासी आदि थे।

# मार्च माह के बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति रहें सतर्क डा. आशीष कुमार सिंह

## -सावधानी व होम्योपैथिक उपचार से बचाव संभव

अयोध्या। मार्च माह में सर्दी से गर्मी की ओर मौसम तेजी से परिवर्तित होता है। दिन के समय तापमान बढ़ जाता है जबकि सुबह और शाम के समय हल्की ठंड बनी रहती है। इस प्रकार के मौसम परिवर्तन के कारण लोगों में सर्दी–जुकाम, खाँसी, गले में खराश, वायरल बुखार, एलर्जी, सिरदर्द तथा पेट संबंधी समस्याएँ बढ़ने की संभावना रहती है। ऐसे में आमजन को अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। राजकीय डॉ. बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अयोध्या के प्राचार्य डॉ. आशीष कुमार सिंह ने कहा कि बदलते मौसम में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए इस समय संतुलित खान–पान, स्वच्छता और नियमित दिनचर्या अपनाकर स्वास्थ्य की रक्षा की जा सकती है। प्राचार्य डॉ. सिंह ने बताया कि इस मौसम में लोगों को सुबह–शाम हल्के गर्म कपड़े पहनने चाहिए तथा दिन में तेज धूप से बचाव करना चाहिए। साथ ही ताजे फल एवं सब्जियों का सेवन करना, पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखना तथा बासी एवं ठंडी वस्तुओं के सेवन से बचना भी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। उन्होंने यह भी सलाह दी कि नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनी रहती है। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों के उपचार एवं बचाव में होम्योपैथी एक सुरक्षित, प्रभावी तथा वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धति है। होम्योपैथिक औषधियाँ रोगी के लक्षणों के आधार पर दी जाती हैं, जो शरीर की प्राकृतिक रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर रोग से राहत प्रदान करती हैं। मार्च माह के बदलते मौसम में चिकित्सकीय परामर्श से कुछ प्रमुख होम्योपैथिक औषधियाँ उपयोगी हो सकती हैं, जैसेएकोनिटम नैपेलस अचानक ठंडी हवा लगने के बाद होने वाले सर्दी–जुकाम और बुखार में लाभकारी, बेलाडोना तेज बुखार, सिरदर्द और गले की सूजन में उपयोगी, ब्रायोनिया अल्बा सूखी खाँसी, शरीर

दर्द और हलचल से बढ़ने वाले लक्षणों में सहायक, आर्सेनिकम एलबम एलर्जी, जुकाम और कमजोरी में लाभकारी तथा जेलसेमियम सेम्परविरेंस वायरल बुखार, थकान और शरीर में भारीपन के लक्षणों में उपयोगी मानी जाती हैं। प्राचार्य ने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की बीमारी होने पर स्वयं दवा लेने के बजाय योग्य चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें, ताकि रोग के लक्षणों के

# शिक्षक अपनी कक्षाओं को रटने से समझने की ओर ले जाने का केंद्र बनाएं - मनोज कुमार

## -दिशांतरण माडूल पर आधारित प्रशिक्षण का हुआ समापन

अयोध्या। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में एससीईआरटी उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित 'दिशांतरण' मॉड्यूल पर आधारित उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के प्रशिक्षण का समापन हो गया। इसका उद्देश्य सामाजिक विषय के शिक्षण को केवल रटने तक सीमित न रखकर, उसे तार्किक, रोचक और जीवन से जोड़ने वाला बनाना है। डायट प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार के दिशा निर्देशन में सफल समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में 17 फरवरी से 26 फरवरी तक जिले के सभी ब्लाकों से लगभग 568 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उक्त तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम फेरे के समापन समारोह में डायट के प्रशिक्षण प्रभारी मनोज कुमार ने सभी प्रशिक्षित शिक्षकों को बधाई दी। मॉड्यूल का मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 'दिशांतरण' का अर्थ है दृष्टिकोण में बदलाव। इस मॉड्यूल के लक्ष्यों में शामिल है। जिसमें अवधारणात्मक स्पष्टता: इतिहास, भूगोल और नागरिक शास्त्र के कठिन अध्यायों को सरल बनाना। रचनात्मकता: रटने की प्रवृत्ति को खत्म कर गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा देना। संवैधानिक मूल्य: छात्रों में नागरिक बोध, अधिकार और कर्तव्यों के प्रति चेतना जगाना। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं है, बल्कि एक नए शैक्षिक दृष्टिकोण की शुरुआत है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपनी कक्षाओं को 'रटने' से 'समझने' की ओर ले जाने का केंद्र बनाएं। प्रशिक्षण प्रभारी ने सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र देते हुए इस प्रशिक्षण के मूलभूत तत्वों को बच्चो तक पहुंचाने के लिए भी प्रेरित किया। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर डॉ विवेक कुमार सिंह,डॉ दिनेश कांत पांडे,सुजीत कुमार सिंह,अभिषेक कुमार मिश्र, अमरेन्द्र कुमार सिंह एवं ओंकार पांडे ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया। नोडल प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शिक्षकों का उत्साह और सीखने की ललक सराहनीय थी। प्रशिक्षण प्रभारी मनोज कुमार ने सभी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ये प्रशिक्षित शिक्षक अपने विद्यालयों में जाकर एक सकारात्मक और नवाचारी शिक्षण वातावरण का निर्माण करेंगे। शिक्षकों ने भी इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया। प्रशिक्षण के सफल समापन के लिए प्रशिक्षण के पटल सहायक राजेंद्र प्रसाद ने पूरी निष्ठा के साथ इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु प्रचार वाहन रवाना

प्रयागराज। जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज सत्य प्रकाश त्रिपाठी द्वारा 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय परिसर, प्रयागराज से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन के साथ समस्त बैंकों के प्रबंधकगण व जिला अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा उपस्थित रहे। प्रचार वाहन के साथ पराविधिक स्वयंसेवक ने पूरे शहर में लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया। इस मौके पर रविकांत नोडल ऑफिसर लोक अदालतध्एडीजे व शशि कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शशि कुमार द्वारा प्रदान की गई।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, बुधवार 11 मार्च 2026
sheelshukla100@gmail.com


# मेरठ में सूरज प्रकाश की अंतिम यात्रा में मुस्लिमों ने दिया कंधा

मेरठ(आरएनएस )। गंगा जमुनी तहजीब की एक मिसाल शहर के पुराने इलाके खंदक के नौगजा में देखने को मिली। जब इंसानियत मजहब से कहीं बढ़ कर दिखाई दी। इस मोहल्ले में 82 वर्षीय ज्ञानी सूरजप्रकाश उर्फ ज्ञानी जी का सोमवार को निधन हो गया। यह क्षेत्र हिंदू और मुस्लिम मिश्रित आबादी वाला है। अंतिम यात्रा में हिंदुओं के साथ मुसलमानों भी बढ़चढ़ कर न सिर्फ शामिल हुए बल्कि अर्थी को कंधा भी दिया। यही नहीं जब तक पूरी तरह चिता ठंडी होने तक वहीं मौजूद रहे। मकान में कमल भड़ाना डेयरी की दुकान चलाते हैं साथ ही उनकी देखरेख की जिम्मेदारी उठा रहे थे।

अकेले मकान में रहते थे सूरज प्रकाश

सूरज प्रकाश अकेले मकान में रहते थे। कुंज विहार निवासी कमल ही उनके खाने–पीने का प्रबंध करता था। पिछले कुछ समय से सूरज बीमार चल रहे था। कमल ने बताया कि रविवार की रात वह उनके लिए खाना लेकर आया था जिस पर उन्होंने कहा था कि उनका मन नहीं है फ्रिज में रख दो सुबह खा लूंगा।

हमेशा की तरह जब वह सुबह दुकान खोलने के बाद उनके पास गया तो भी उन्होंने खाना खाया नहीं था। कहने पर नाश्ते में केले खाए। थोड़ी देर बाद सुबह साढ़े नौ बजे जब वह फिर गया तो वह मृत मिले।

कमल ने बताया कि उनके 1970 में ताऊ किरन सिंह ने नरहाड़ा गांव से आ कर यहां डेरी आरंभ की थी। उस समय सूरजप्रकाश के बड़े भाई जगदीश भी थे। ताऊ जी के साथ उनके पिता प्रेम सिंह और अब वह डेयरी संचालित कर रहे हैं। बताया कि ताऊ जी के समय से ही परिवार उनकी देखरेख करता रहा है। जगदीश का निधन तीन साल पहले हो गया जिसके बाद सूरज अकेले रह गए थे। रविवार को सूचना पर दिल्ली निवासी उनकी बहन कमला और भतीजी नीलम पहुंची। सूरजप्रकाश के मौत की सूचना मिलने पर आसपास के मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। विक्की शर्मा ने बताया कि मोहल्लों के लोगों ने अर्थी और अंतिम संस्कार में प्रयोग होने वाले सामान का इंतजाम किया। जिसमें हिंदुओं के साथ मुसलमान भी खासी संख्या में थे। पड़ोसी 40 वर्षीय आसिफ ने बताया कि उन्हें हम गुरु जी कह कर बुलाते थे। बताया कि जब वह छोटे थे अक्सर टाफी और पतंग उड़ाने के पैसे दिया करते थे। यही हाल उनका आज के बच्चों के साथ थे। शादाब झब्बू ने बताया कि बच्चों से वह अक्सर हंसी मजाक करते रहते थे। पिछले दो तीन साल वह ज्यादा दूर चलने फिरने में असमर्थ तो अक्सर मोहल्ले वाले ही उनको खाना और नाश्ता दे दिया करते थे। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस समय रोजे चल रहे हैं इसके बावजूद इरशाद, जीशान, फरमान, अनीस मुनीम आदि लोग की अर्थी को बारी बारी से कंधा देते हुए सवा दो किलोमीटर दूर सूरजकुंड तक पैदल अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

एक ओर राम नाम सत्य की गूंज थी तो मुसलमान दुआ करते हुए चल रहे थे। अर्थी के साथ खासी संख्या में मुसलमानों को देकर लोग अचरज से भरे नजर आए। अंतिम संस्कार कमल ने किया। कमल ने बताया कि उनका भतीजा संजय कंकरखेडा में रहता है वह काम के सिलसिले में बाहर होने के कारण नहीं आ पाया।

# ग्राम प्रधान समेत 6 पर मारपीट का मुकदमा दर्जरूमेरठ में बेटे को पीटने और जान से मारने की धमकी का आरोप

मोदीपुरम(आरएनएस )रू मेरठ के भावनपुर थाना क्षेत्र के पचपेड़ा गांव में ग्राम प्रधान समेत छह लोगों के खिलाफ मारपीट और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई गांव निवासी तैय्यब पुत्र उमर मोहम्मद की शिकायत पर की गई है, जिन्होंने अपने बेटे के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप लगाया है।तैय्यब ने भावनपुर थाने में दर्ज कराई गई थ्प्त् में बताया कि सोमवार रात करीब 8 बजे पचपेड़ा गांव के ग्राम प्रधान इब्ने सोहराब उर्फ सोनू, उसका भाई मोईन, रूमान, अबूजर, सद्दाम और जफर उनके बेटे इमरान को घर से ले गए। आरोप है कि इन सभी ने मिलकर इमरान के साथ मारपीट की, जिससे उसकी पसलियां टूट गईं।जब तैय्यब और उनके परिवार को घटना का पता चला, तो मोहल्ले के लड़के इमरान को घर ला रहे थे। पीड़ित परिवार जब इसकी शिकायत करने भावनपुर थाने पहुंचा, तो आरोपियों ने कथित तौर पर शहर से 10–12 अन्य साथियों को बुलाकर उनके घर पर हमला कर दिया। इस दौरान अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की गई, जिससे वे लहूलुहान हो गए।हमलावर भागते समय कथित तौर पर धमकी दे रहे थे कि इस बार तो तुम्हें छोड़ दिया, अगली बार जान से मार देंगे, गांव में रहने नहीं देंगे। तैय्यब ने आरोप लगाया कि आरोपी उनके प्लॉट पर कब्जा करना चाहते हैं और पहले भी कई प्लॉटों पर कब्जा कर चुके हैं। ग्राम प्रधान ने कथित तौर पर धमकी दी कि जैसे मैंने मेरठ के आदमी को मारकर जमीन पर कब्जा कर रखा है, वैसे ही तुम्हारे बेटे को मारकर तुम्हारी जमीन पर भी कब्जा कर लूंगा और गांव की लड़कियों से तुम पर झूठा मुकदमा लगवाकर तुम्हें फंसा दूंगा।

भावनपुर थाना अध्यक्ष जोगिंदर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों के घरों पर दबिश दे रही है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# महिला किराएदार पर दबंगई का आरोप, पीड़ित ने एसएसपी से की शिकायत

मेरठ(आरएनएस )। नौचंदी क्षेत्र के रहने वाले एक व्यापारी ने अपनी महिला किराएदार पर दबंगई और झूठा मुकदमा दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है।शास्त्रीनगर सेक्टर 11 निवासी अशरफ मलिक अधिवक्ताओं के साथ मंगलवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचा। अशरफ के साथ आई एडवोकेट शबनम मलिक ने बताया कि अशरफ उनका जीजा है। अशरफ हैदराबाद में कारोबार करता है। शबनम के मुताबिक तीन महीने पहले एक दोस्त के कहने पर अशरफ ने लखनऊ की रहने वाली महिला को अपने घर में किराएदार रखा था।आरोप है कि अब उक्त महिला ने घर पर कब्जा कर लिया है। महिला के घर पर असामाजिक तत्वों का आना–जाना है। जिसका विरोध करने पर महिला अशरफ और उनके परिवार का उत्पीड़न करती है। अशरफ की पैरवी करने पर महिला ने अशरफ और शबनम के खिलाफ ब्रह्मपुरी क्षेत्र में एक झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। जिसमें महिला ने पुलिस से झूठ बोलते हुए खुद को ब्रह्मपुरी क्षेत्र की निवासी बताया है। पीड़ित ने इस मुकदमे की जांच किए जाने और किराएदार महिला से जान का खतरा बताते हुए अपना मकान खाली कराए जाने की मांग की। एसएसपी ने थाना पुलिस को जांच और कार्यवाही के आदेश दिए हैं।

# एक एसी बोगी छोड़ निकली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस

चित्रकूट। रेलवे विभाग का अजब गजब मामला सामने आया है। मानिकपुर से निजामुद्दीन दिल्ली की ओर जाने वाली संपर्क क्रांति ट्रेन की एसी फर्स्ट की एक बोगी नहीं लगाई गई। बिना बोागी लगाए यह ट्रेन जब चित्रकूट स्टेशन पहुंची तो वहां पहले से इस बोगी के रिजर्बेशन वाले यात्री अपना कोच व सीट ढूढते रहे। बोगी कहीं नजर न आने पर यात्रियों ने स्टेशन प्रबंधक कार्यालय में हंगामा मचाया। स्टेशन प्रबंधक ने यात्रियों को समझाकर विश्राम गृह में बैठाया और मानिकपुर स्टेशन से बात कर उस बोगी को दूसरे इंजन की मदद से मंगाया गया। चित्रकूट पहुंची इस बोागी में रिजर्वेशन के यात्री प्रीती हर्ष, प्राची, मिथलेश व सौम्या को बैठाकर रवाना किया गया। इस बीच संपर्क क्रांति ट्रेन को अतर्रा स्टेशन में रोका गया। रात्रि लगभग दस बजे दूसरे इंजन के साथ पहुंची बोगी को संपर्क क्रांति ट्रेन से जोड़ दिया गया। इसके बाद ट्रेन आगे रवाना हुई तो रेल अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इस संबंध में उमरे के जन संपर्क अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि मानिकपुर में एसी की एक बोगी अतिरिक्त थी। इसके ट्रेन में न लगने के मामले की जानकारी स्टेशन के जिम्मेदार अधिकारियों से मांगी गई है। गौरतलब है कि इसी बोगी में बांदा से सपा सांसद कृष्णा पटेल व उनके पति शिवशंकर पटेल का भी रिजर्वेशन था। यह ट्रेन बांदा रात करीब 11 बजे पहुंची। जबकि इसका निर्धारित समय पौने आठ बजे का है।

# पृथक राज्य आंदोलन को सपोर्ट करने के लिए युवा चलाएं हैसटैग मुहिम : अजीत

चित्रकूट। पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को नई धार देने के लिए बांदा में शुरू हुई गाँव–गाँव पाँव–पाँव यात्रा में जिले से भी बुंदेली सेना के कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। राजा बुंदेला के नेतृत्व में शुरू इस यात्रा का चित्रकूट में भव्य समापन होगा। युवाओं से आंदोलन को सपोर्ट करने के लिए हैसटैग मुहिम चलाने की अपील की है।बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह नें बताया कि आंदोलन के महानायक राजा बुंदेला के नेतृत्व में ललितपुर से यात्राओं का दौर शुरू हुआ। समूचे बुंदेलखंड में घूमने के बाद अब यात्रा बांदा पहुंची है। 6 मार्च को जसपुरा से शुरू हुई गाँव गाँव पाँव पाँव यात्रा का 15 मार्च को बांदा मुख्यालय में समापन होगा। इस दौरान जिले से भी बुंदेली सेना के कार्यकर्ता यात्रा में शामिल होंगे। बताया कि अगले चरण में यात्रा जिले में आएगी और यहीं पूरे बुंदेलखंड की यात्रा का भव्य समापन होगा। यात्रा के दौरान समूचे बुंदेलखंड में न केवल लोगों को जागरूक किया गया बल्कि पंचायत प्रतिनिधियों के बड़े पैमाने पर समर्थन पत्र जुटाए गए हैं। इन पत्रों को आंदोलन के अगुवा राजा बुंदेला प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को सौंपेंगे। बुंदेलखंड राज्य के मुद्दे पर युवाओं से आगे आने और सोशल मीडिया में हैशटैग मुहिम चलाने का आह्वान किया है। बताया कि इस आंदोलन में अब वैचारिक मुहिम ही जरूरी है। यदि चाहते हैं कि बुंदेलखंड अलग राज्य बने तो हमें चाहिए बुंदेलखंड राज्य लिखकर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को हैसटैग करें। यही इस आंदोलन को आपका सबसे बड़ा समर्थन और सहयोग रहेगा।

# अस्पताल में भर्ती युवक आईसीयू की खिड़की का शीशा तोड़कर पहली मंजिल से कूदा

मेरठ(आरएनएस )। लोहियानगर थाना क्षेत्र के एनएएमएस (न्यूरो एंड मेंटल साइंसेज) अस्तपाल के आईसीयू में भर्ती फतेहउल्लापुर गांव का अमन (24) सोमवार शाम लगभग सात बजे पहली मंजिल से कूद गया। अमन आईसीयू की खिड़की का शीशा तोड़कर कूदा और घायल हो गया। हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अमन के वीडियो रिकॉर्डिंग कर बयान लिए हैं। परिजन ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया है, लेकिन एएसपी का कहना है कि परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है।फतेहउल्लापुर गांव निवासी अनुज ने बताया कि उनका बड़ा भाई अमन दिल्ली रोड स्थित एक मॉल के कपड़े के शोरूम में काम करता था, लेकिन कुछ समय पहले उसने काम छोड़ दिया था। सात मार्च को तेज बुखार होने पर अमन को एनएएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार शाम को वह अस्पताल के आईसीयू में भर्ती था। इसी दौरान शाम सात बजे वह पहली मंजिल से कूद गया। अमन नीचे गिरकर घायल हो गया। जानकारी होने पर स्टाफ ने उन्हें फिर से आईसीयू में भर्ती कराया। अमन के पैर में चोट लगी है। सूचना पर अमन की मां रोशनी व अन्य परिजन भी वहां पहुंच गए। रोशनी का रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों का कहना था कि स्टाफ की लापरवाही से अमन पहली मंजिल से कूदा है। जब वह आईसीयू में भर्ती था तो उसे वहां मौजूद स्टाफ ने उसे रोका क्यों नहीं। अमन के रिश्तेदार विपिन का कहना है कि बुखार आने के बाद से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

एएसपी अंतरिक्ष जैन ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अमन के बयान लिए। इसमें उसने बताया कि उसे अस्पताल में डर लग रहा था। वह घर जाना चाहता था। इसलिए उसने आईसीयू की खिड़की का शीशा तोड़ दिया और नीचे कूद गया। एएसपी का कहना है कि अमन के अधिक चोट नहीं लगी है।

# युवती को लेकर विवाद में की गई युवक की गोली मारकर हत्या

मवाना (मेरठ)(आरएनएस )। एक युवती...दो प्रेमी और पिकअप के अंदर बहस होने पर 20 साल के शुबहान को गोली मार दी गई। दिल्ली के अस्पताल में तीसरे दिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने वारदात का पर्दाफाश कर गोली मारने के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त पिस्टल बरामद किया। नगर के खतौलिया चौक निवासी 20 वर्षीय शुबहान पुत्र रिजवान उर्फ कल्लू को पुरानी रंजिश के चलते मुहल्ले के ही जैद उर्फ बुशरान और जुबैर दो दिन पूर्व घर से बुलाकर ले गए थे। प्रिया टाकीज हाल की खाली जमीन पर पिकअप गाड़ी में बैठाकर उसके सिर में गोली मार दी गई थी। गंभीर घायल शुबहान को दिल्ली में भर्ती कराया था। सोमवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या में शामिल जुबैर और जैद को गिरफ्तार कर उनसे 32 बोर का पिस्टल बरामद किया। इंस्पेक्टर क्राइम जितेंद्र कुमार ने बताया कि शुबहान और जुबैर गांव की युवती से एकतरफा प्यार करते थे। युवती को लेकर ही दोनों में विवाद हुआ था। इसके बाद शुबहान को घर से बुलाया गया। पिकअप में बैठने के बाद आपस में उनकी बहस हुई। जैद के कहने पर जुबैर ने पिस्टल से शुबहान पर गोली चला दी। उसे मृत समझकर दोनों भाग गए थे।माता–पिता का था इकलौता बेटारिजवान उर्फ कल्लू की तीन संतानों में शुबहान पहले नंबर का था। वह अपने माता–पिता का इकलौता बेटा था। शुबहान की दो बहनों व मां शहजादी का रो–रोकर बुरा हाल है। मृतक के आवास पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा था। शुबहान घर में अकेला कमाने वाला था। पिता ठेली लगाते हैं। शुबहान फेरी लगाकर कपड़े बेचता था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।घर में अकेला कमाने वाला था शुबहान मृतक शुबहान घर में अकेला कमाने वाला था। पिता पहले बाग–बगीचे का ठेके ले लेते थे लेकिन फिलहान काफी समय से ठेली लगाते हैं।

# खाई में पलटी तेज रफ्तार कार, शादी से लौट रही महिला सहित दो की मौत, चार घायल

मेरठ(आरएनएस )। मंगलवार की सुबह जानी थाना क्षेत्र में शादी समारोह से लौट रहे मेहमानों की कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसे में एक महिला सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मचा है।जानकारी के मुताबिक जानी के नंदपुरा गांव के रहने वाले रवि की बहन की सोमवार को शादी थी। बताया जाता है शादी समारोह में शामिल होने के बाद मंगलवार की सुबह जौनपुर और अमरोहा के मेहमान वापसी की ट्रेन पकड़ने के लिए कार से रेलवे स्टेशन जा रहे थे। इसी दौरान बागपत रोड पर जानी पीर के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित कार एक खाई में पलट गई। हादसे में अमरोहा के बहादुरपुर निवासी 34 वर्षीय रोहित कुमार और जौनपुर के बदलापुर निवासी 48 वर्षीय सुमन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि जौनपुर बदलापुर निवासी शिवम सिंह, शेर बहादुर, आयुषी सिंह और फूलवती गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के बाद पहुंची पुलिस द्वारा सभी घायलों को अस्पताल भेजते हुए मृतकों के शवों को मोर्चरी भेजा गया। उधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद शादी वाले घर में कोहराम मच गया।

# राज्य महिला आयोग सदस्य ने सुनी महिलाओं की समस्याएं

## -विभागों से पिछले तीन माह की मांगा रिपोर्ट, समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

चित्रकूट। राज्य महिला आयोग सदस्य प्रतिभा कुशवाहा के आगमन पर जनपद के विकास भवन कार्यालय सभागार में महिला जनसुनवाई व समीक्षा बैठक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।जनसुनवाई के दौरान लगभग 25 प्रार्थना पत्र आए। जिसमें पांच का तत्काल निस्तारण करते हुए उपस्थित सभी अधिकारियों को शिकायत को निस्तारित करने व विगत तीन माह में आई सभी महिला संबंधी समस्याओं से संबंधित निस्तारण की आख्या प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। सभी विभागों से पिछले तीन माह की आख्या प्रस्तुत कर दी गई है। इसके बाद समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से उनके तीन माह में किए गए कार्यों का लिखित आख्या देने के लिए कहा गया। कार्यक्रम के अंत में तीन माह से चल रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का समापन किया गया। बाल विवाह अभियान में काम करने वाली टीम चाइल्ड लाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विशेष कुमार त्रिपाठी व हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन से डीएमसी प्रिया माथुर और जेंडर स्पेशलिस्ट मीनू सिंह तथा एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ती को सम्मानित किया गया।

# संगठन को मजबूत करने के लिए हर बूथ में जोड़ें 20 यूथ : आशीष पटेल

## -कैबिनेट मंत्री का जिले में आगमन पर हुआ स्वागत

चित्रकूट। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का जिले में आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। बाद में डाक बंगला कर्वी में उन्होंने कार्यकर्ताओं से भेंट की। आगामी पंचायत चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए प्रत्येक बूथ में 20 युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य दिया। कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल जिले में एक बरहौ कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। इस दौरान भरतकूप में उनका मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी और अपना दल एस के जिलाध्यक्ष हेमराज सिंह के संयुक्त नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद लोनीवि निरीक्षण गृह कर्वी पहुंचे मंत्री श्री पटेल नें कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने आगामी पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया स जिताऊ उम्मीदवारों को चिन्हित करने और चुनाव में दम दिखाने के साथ ही विधानसभा चुनाव के लिए जिले के प्रत्येक बूथ में 20 युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य दिया। कहा कि पंचायत चुनाव में प्रतिनिधित्व मिलना ही चाहिए। प्रधान, बीडीसी और डीडीसी के पदों पर कार्यकर्ता चुनाव फतह करें। बाद में ब्लाक प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने में वह भरपूर मदद करेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं नें तमाम समस्याएं बताई। जिस पर उन्होंने अधिकारियों को फोन पर दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर नाथूराम पटेल, जब्बर सिंह, फौजी रामसिया सिंह, केशव प्रसाद, महेंद्र पटेल, पंकज सिंह, विष्णु प्रताप सिंह समेंत बड़ी तादाद में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एक माह से फुंका ट्रांसफार्मर नहीं बदलने से ग्रामीणों में रोष

चित्रकूट। सदर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत मऊ ब के माजरा आमनार के पुरवा मे एक माह से ट्रांसफार्मर फुका होने से गांव के लोग अंधेरे मे रहने को मजबूर है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया तो ट्रांसफार्मर बदला गया, लेकिन वह भी फुंक गया। जिसको लेकर ग्रामीणों मे रोष है। ग्रामीण कमलेश यादव, रामनरेश, रामभवन, श्यामलाल, अमर सिंह, समसेर सिंह, कौशल, गया प्रशाद, सुनील, मुन्नी लाला, राममूरत आदि ग्रामीणों ने बताया कि बीते आठ फरवरी को पुरवा का ट्रांसफार्मर फूक गया था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने विद्युत बिभाग के अधिकारियों को दी। जिस पर दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया पर वह उसी दिन फुंक गया। एक माह से गांव मे विद्युत नही है। जिससे ग्रामीण अंधेरे मे रहने को मजबूर है। इस सम्बन्ध मे विद्युत बिभाग के अधिशासी अभियंता से बात की गई तो उनका कहना था कि मामला संज्ञान मे नही है। जानकारी हुई तो जल्द ही समस्या दूर की जाएगी।

# समाज के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है महिला : आदित्य

चित्रकूट। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति' द्वारा मिलान बी द चेंज के सहयोग से मानिकपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सरैया में सशक्त महिला, सशक्त समाज थीम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं, किशोरियों तथा समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के कार्यक्रम समन्वयक आदित्य मिश्रा ने कहा कि नेटवर्क' प्रदेश भर में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। यदि महिलाएं शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर होंगी तो परिवार, समाज और देश के विकास की गति और तेज होगी। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, शिक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें बताया गया कि किस प्रकार सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर वे अपने परिवार के जीवन स्तर को बेहतर बना सकती हैं। किशोरियों को विशेष रूप से अपनी शिक्षा जारी रखने और कम उम्र में विवाह से बचने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिलाओं से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनों' की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और किशोरियों के साथ संवाद करते हुए बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने तथा बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। उपस्थित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# डा प्रमिला मिश्रा को मिला याज्ञसैनी विदुषी पुरस्कार

चित्रकूट। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में संस्.त विभाग प्रभारी डॉ. प्रमिला मिश्रा तृतीय अंतरराष्ट्रीय विदुषी सम्मेलन में याज्ञसेनी विदुषी प्रतिभा सम्मान से सम्मानित की गई। अंतर्राष्ट्रीय संस्.त मंच एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तृतीय अंतर्राष्ट्रीय विदुषी सम्मेलन में याज्ञसेनी राष्ट्रीय विदुषी प्रतिभा सम्मान मालवीय सभागार लखनऊ विश्वविद्यालय में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो मनोज दीक्षित कुलपति महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर राजस्थान, सारस्वत अतिथि प्रो हरिदत्त शर्मा अध्यक्ष ग्लोबल संस्.त फोरम उत्तर प्रदेश एवं महासचिव डॉ राजेश मिश्रा वैश्विक संस्.त मंच के द्वारा सम्मानित किया गया।यह अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन भारतीय ज्ञान परंपरा और राष्ट्र के विकास में महिलाओं के अप्रतिम योगदान को रेखांकित करने के लिए आयोजित किया गया। सम्मेलन का मुख्य विषय शक्ति अपनी पूर्णकला में स्फुरित रखा गया था। आयोजकों के अनुसार नारी का परिश्रम, संघर्ष और योगदान प्रायः मौन रह जाता है। इसी मौन शक्ति को स्वर देने और विभिन्न क्षेत्रों की विदुषियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से इस वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया गया। डॉ. प्रमिला मिश्रा को शिक्षा, समाज सेवा और उनके कार्यक्षेत्र में उत्.ष्ट योगदान तथा दक्षता के लिए इस सम्मान के लिए चुना गया। इस उपलब्धि से विवि परिवार, अकादमिक जगत और चित्रकूट क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर डॉ. प्रमिला मिश्रा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं है बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा की उस गुरुकुल और गृह शिक्षा प्रणाली का सम्मान है जिसकी आधारशिला स्वयं नारी है। ग्लोबल संस्.त फोरम और जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के आजीवन कुलाधिपति जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य, कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय, कुलसचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत के प्रति आभार जताया है।

# किसान पंचायत में ओहन बांध से पानी छोड़ने की उठाई मांग

चित्रकूट। भारतीय किसान यूनियन की मासिक किसान पंचायत सदर ब्लॉक परिसर में सम्पन्न हुई। ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह ने बताया कि ओहन बांध से संचालित नहरों में पानी नहीं है। जिससे गेहूं की फसल सूख रही है। ऐसे में पानी छोड़ा जाए। गौशालाओं को गर्मी में भी संचालित किया जाए। जिससे किसानों को जायद की फसलों का भी लाभ मिल सके। पेयजल संकट को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंपों को दुरुस्त कराए। संग्रामपुर से किसान संतगोपाल भारतीय ने बताया कि पीने के लिए पानी आधा किमी दूर से लाना पड़ता है। कई बार खंड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी को कई बार पत्र दे चुके हैं। जिले में बंदरों से किसान परेशान है। रेहुंटा गांव के किसानो ने बताया कि मनरेगा से किए काम का भुगतान मजदूरों को नहीं किया जा रहा है। बार बार गुमराह कर परेशान किया जा रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देते हुए समस्याओं का निदान कराए जाने की मांग की।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में चित्रकूट महिला रत्न से सम्मानित की गई महिलाएं

चित्रकूट। मुख्यालय के मंदाकिनी पैलेस में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में रंजना उपाध्याय पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा, दिव्या त्रिपाठी, राजेश्वरी द्विवेदी एवं पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, आरके सिंह पटेल, पूर्व विधायक दिनेश कुमार मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, विवेक अग्रवाल ने भारतरत्न नाना जी देशमुख एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। .ष्टि संस्था की बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात् महिला दिवस कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ तुषारकान्त शास्त्री ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने बताया कि समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्.ष्ट कार्य करने वाली जिले की महिलाओं को चित्रकूट महिला रत्न सम्मान से अलं.त किया। साथ ही राष्ट्रीय योगासन खिलाड़ी अनन्या सिंह को विशेष रूप से उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्.त किया गया। कार्यक्रम के प्रेरणास्रोत दीनदयाल शोध संस्थान तथा आयोजन चित्रकूट स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा किया गया।

# अब इस तारीख को जारी होगा आईपीएल 2026 का शेड्यूल, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने दिया बड़ा अपडेट





पहले कहा जा रहा था कि टी20 वर्ल्ड कप फाइनल के बाद आईपीएल का शेड्यूल जारी होगा। लेकिन ऐसा नहीं हो सका, अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने शेड्यूल को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने कहा कि शेड्यूल किस तारीख को जारी किया जाएगा। आईपीएल 2026 के शेड्यूल को लेकर सस्पेंस खत्म नहीं हो पा रहा है। पहले कहा जा रहा था कि टी20 वर्ल्ड कप फाइनल के बाद आईपीएल का शेड्यूल जारी होगा। लेकिन ऐसा नहीं हो सका, अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने शेड्यूल को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने कहा कि शेड्यूल किस तारीख को जारी किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने एक बड़ा ट्विस्ट भी बताया है। दरअसल, न्यूज एजेंसी [illegible] से बात करते हुए सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि, हम 12 मार्च तक आईपीएल 2026 का शेड्यूल जारी करने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल हम पहले 20 दिनों का शेड्यूल जारी करेंगे। पहले सामने आई कुछ रिपोर्ट में बताया गया था कि शेड्यूल को दो चरण में जारी किया जाएगा। बताया गया था कि आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने पहले हाफ का शेड्यूल क्लियर कर दिया है। हालांकि, फिलहाल तो सिर्फ शुरुआती 20 दिनों का ही शेड्यूल जारी किया जाएगा। चुनाव के कारण आ रही दिक्कत बता दें कि, आईपीएल शेड्यूल जारी करने में देरी चुना एकमात्र कारण है। शेड्यूल को अलग–अलग चरण में भी चुनाव के कारण ही जारी किया जाएगा। बताते चलें कि इस साल यानी 2026 में पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव होने है जिसको ध्यान में रखते हुए आईपीएल शेड्यूल तैयार किया जा रहा है।

# जिंदगी आपके बिना कैसे चलेगी... पिता को याद करके रिंकू सिंह ने किया भावुक पोस्ट

रिंकू जिस गम में थे उसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता है लेकिन देश के प्रति जो उनका प्यार है उन्होंने टूर्नामेंट खेलना जारी रखने के फैसले से ये दिखा दिया। अब रिंकू ने अपने दिवंगत पिता को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है।टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बीच में रिंकू सिंह के पिता का देहांत हो गया था। लेकिन रिंकू ने अपनी पर्सनल लाइफ को दरकिनार करते हुए नेशनल ड्यूटी को पहले रखा। रिंकू सिंह ने अपने पिता को जाने से पहले सभी खुशियां दी थीं। उन्होंने खुद को साबित करके दिखाया। उन्होंने अपने पिता का सपना पूरा किया। हाल ही में भारत ने टी20 खिताब भी जीत लिया। वहीं रिंकू जिस गम में थे उसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता है लेकिन देश के प्रति जो उनका प्यार है उन्होंने टूर्नामेंट खेलना जारी रखने के फैसले से ये दिखा दिया। अब रिंकू ने अपने दिवंगत पिता को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। रिंकू सिंह ने अपने पिता को याद करते हुए लिखा कि, आपसे बात किए बिना इतने दिन कभी नहीं निकाले। मुझे नहीं पता आगे की जिंदगी आपके बिना कैसे चलेगी... पर मुझे हर कदम पर आपकी जरूरत पड़ेगी। साथ ही उन्होंने लिखा कि, आपने सिखाया था कि फर्ज सबसे आगे है.. तो फील्ड पर बस आपका सपना पूरा करने की कोशिश कर रहा था। अब आपका सपना पूरा हो गया है.. तो बस यही लगता है कि काश आप मेरे पास होते। हर छोटी बड़ी खुशी में आपकी कमी खलेगी। बहुत मिस करूंगा आपको पापा.. बहुत ज्यादा। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में रिंकू सिंह ने भारत के लिए पहले 5 मैच खेले और अमेरिका, नामीबिया, पाकिस्तान, नीदरलैंड्स और साउथ अफ्रीका के खिलाफ 6,1,11',6' और 0 रन बनाए। उन्हें फरवरी को चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर 8 के मैच के लिए भारत की प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया गया और उनकी जगह संजू सैमसन को मौका मिला।



# इरान -इजरायल जंग के कारण वनडे और टी20 सीरीज हुई रद्द,आईपीएल 2026 पर भी पड़ेगा असर?




आईपीएल 2026 का शेड्यूल अभी तक नहीं आया है क्या इसमें भी देरी का यही कारण तो नहीं? दरअसल, आईपीएल में वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड समेत कई देशों के विदेशी खिलाड़ी खेलते हैं। ऐसे में विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता पर संदेह बना हुआ हो सकता है।ईरान और इजरायल के बीच जारी युद्ध के कारण कई जगहों का एयर स्पेस बंद है। जिस कारण कई फ्लाइट्स के आवागमन पर प्रभाव पड़ रहा है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बीच भी यही समस्या सामने आई थी। वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका की टीमें अभी भी भारत में ही फंसी हैं। जैसे–तैसे चार्टर्ड विमानों से टीमों को भेजा जा रहा है। इसी बीच अब एक टी20 और वनडे सीरीज भी रद्द हो गई है। वहीं आईपीएल 2026 का शेड्यूल अभी तक नहीं आया है क्या इसमें भी देरी का यही कारण तो नहीं? दरअसल, आईपीएल में वेस्टइंडीज, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड समेत कई देशों के विदेशी खिलाड़ी खेलते हैं। ऐसे में विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता पर संदेह बना हुआ हो सकता है। यही कारण भी शायद है कि अभी तक टूर्नामेंट का शेड्यूल नहीं जारी हुआ है। अभी तक वर्ल्ड कप के बाद ही कई प्रमुख टीमों के विदेशी खिलाड़ी अपने देश नहीं लौट पाए हैं। उसमें एडन मार्करम, क्विंटन डी कॉक, शिमरोन हेटमायर, लुंगी एनगिडी, रयान रिकल्टन, कगिसो रबाडा, शेरफेन रदरफोर्ड, जेसन होल्डर जैसे कई खिलाड़ी हैं जो आईपीएल टीमों का अहम हिस्सा हैं। 28 मार्च से आईपीएल 2026 की शुरुआत होनी है। श्रीलंका क्रिकेट की तरह से एक अधिकारी ने सोमवार को जानकारी दी कि उनकी पुरुष नेशनल टीम अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी वनडे और टी20 सीरीज नहीं खेल पाएगी।

# टी 20 वर्डकप जीतने पर बीसीसीआई का बड़ा ऐलान



बीसीसीआई ने टी20 विश्व कप 2026 में ऐतिहासिक जीत के लिए टीम इंडिया को 131 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है, जो 2024 की पुरस्कार राशि से अधिक है। यह घोषणा भारतीय टीम द्वारा न्यूजीलैंड को हराकर लगातार दूसरा और कुल तीसरा खिताब जीतने तथा घरेलू मैदान पर विश्व कप जीतने वाली पहली टीम बनने के बाद की गई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टी20 विश्व कप 2026 जीतने वाली भारतीय टीम के लिए 131 करोड़ रुपये के भारी भरकम नकद पुरस्कार की घोषणा की। गौरतलब है कि भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराया था। भारतीय टीम टी20 विश्व कप खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बनी और साथ ही घरेलू मैदान पर टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी बनी। इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम को एक शानदार नकद पुरस्कार की घोषणा की।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम इंडिया को 131 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहायक कर्मचारियों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी निरंतर सफलता की कामना करता है। यह उल्लेखनीय है कि टी20 विश्व कप 2026 में भारतीय टीम को मिलने वाली पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बारबाडोस में 2024 में मिली जीत के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम को 125 करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की थी। इस पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ, भारतीय टीम इतिहास में तीन बार टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम बन गईय टीम ने इस प्रारूप की सबसे प्रभावशाली टीमों में से एक के रूप में इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया।

# ईशान किशन और संजू सैमसन को मिली अलग से प्राइज मनी, रकम जानकर रह जाएंगे हैरान

ईशान किशन ने इस टूर्नामेंट में कीवी टीम के खिलाफ 25 गेंदों में 4 चौके और 4 छक्कों की मदद से 54 रनों की पारी खेली थी। ईशान की इस पारी ने टीम को 250 रनों से ज्यादा के टोटल तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया था। टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने के बाद टीम इंडिया को करीब 27.48 करोड़ रुपये प्राइज मनी के रूप में मिले।टी20 वर्ल्ड कप 2026 फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की जीत में संजू सैमसन और ईशान किशन की अहम भूमिका है। ईशान किशन ने इस टूर्नामेंट में कीवी टीम के खिलाफ 25 गेंदों में 4 चौके और 4 छक्कों की मदद से 54 रनों की पारी खेली थी। ईशान की इस पारी ने टीम को 250 रनों से ज्यादा के टोटल तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया था। टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने के बाद टीम इंडिया को करीब 27.48 करोड़ रुपये प्राइज मनी के रूप में मिले। संजू सैमसन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने के लिए करीब 21 लाख रुपये मिले। हालांकि, ईशान इस तरह का कोई प्राइज नहीं जीत सके। लेकिन गौर करने वाली बात ये है कि ईशान को टी के 27.48 करोड़ रुपये में से शेयर मिलेगा। इसके अलावा प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीतने पर खिलाड़ियों को जो रकम मिलती है वो भी टीम में ही बंटेगी। जिसमें ईशान किशन की भी हिस्सेदारी होगी। वहीं ईशान झारखंड के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप से पहले अपनी कप्तानी में झारखंड को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब जितवाया था। अब वर्ल्ड कप विजेता टीम काहिस्सा रहने के लिए झारखंड सरकार की तरफ से उन्हें इनाम मिल सकता है। इसके साथ ही केरल सरकार संजू सैमसन को सम्मानित करेगी। राज्य के जनरल शिक्षा और श्रम मंत्री वी शिवनकुट्टी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने बयान में कहा कि यहां के तटीय शहर विझिंजम के रहने वाले सैमसन ने पूरे टूर्नामेंट में अपने शानदार प्रदर्शन से केरलवासियों को गौरवांवित किया है। शिवनकुट्टी ने कहा कि भारत की जीत में योगदान के लिए सैमसन को सम्मानित करने के लिए राज्य सरकार राजधानी में समारोह का आयोजन करेगी। हालांकि उन्होंने समारोह की तारीख नहीं बताई।

# खेल का कोई धर्म नहीं,वर्डकप ट्राफी मंदिर ले जाने पर भड़के कीर्ति अजाद कहा- शर्म आती है



1983 विश्व कप विजेता कीर्ति आजाद ने टी20 विश्व कप ट्रॉफी को हनुमान मंदिर ले जाने पर सूर्यकुमार यादव और गौतम गंभीर की आलोचना की, यह तर्क देते हुए कि खेल धर्म से ऊपर है और यह पूरे भारत की जीत है, किसी एक समुदाय की नहीं। तृणमूल कांग्रेस के सांसद और 1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य कीर्ति आजाद ने कप्तान सूर्यकुमार यादव, मुख्य कोच गौतम गंभीर और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह के भारतीय टीम नेतृत्व समूह द्वारा तीसरी बार खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी को स्टेडियम के पास स्थित हनुमान मंदिर ले जाने के कदम की कड़ी आलोचना की। रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड पर 96 रनों की शानदार जीत के बाद भारतीय टीम ने रिकॉर्ड तोड़ तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया और घरेलू मैदान पर खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम बन गई। जीत के बाद सूर्यकुमार यादव, गंभीर और जय शाह भगवान का आशीर्वाद लेने स्टेडियम के पास स्थित हनुमान मंदिर गए और ट्रॉफी भी साथ ले गए। मीडिया से बात करते हुए कीर्ति ने इस कदम पर सवाल उठाते हुए कहा कि खिलाड़ी या खेल किसी धर्म या जाति से संबंधित नहीं होते। उन्होंने कहा कि जब सभी धर्मों के लोगों से बनी टीम इंडिया ने जीत हासिल की तो 140 करोड़ लोग रोमांचित हो गए। खिलाड़ी या खेल किसी धर्म या जाति से संबंधित नहीं होते, बल्कि सिर्फ खेल से संबंधित होते हैं। एक खिलाड़ी के तौर पर मैं कहती हूं कि टीम इंडिया ने भारत को विजयी बनाया। टीम इंडिया जीती, और यह भारत के लोगों के लिए गर्व की बात है।इससे पहले [illegible] पर कीर्ति ने लिखा था कि टीम इंडिया पर शर्म आती है! जब हमने 1983 में कपिल देव की कप्तानी में विश्व कप जीता था, तब हमारी टीम में हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई खिलाड़ी थे। हम ट्रॉफी को अपनी धार्मिक जन्मभूमि, अपनी मातृभूमि भारत (हिंदुस्तान) में लाए थे। भारतीय क्रिकेट ट्रॉफी को क्यों घसीटा जा रहा है? मस्जिद क्यों नहीं? चर्च क्यों नहीं? गुरुद्वारा क्यों नहीं? यह टीम भारत का प्रतिनिधित्व करती है – सूर्यकुमार यादव या जय शाह के परिवार का नहीं! सिराज कभी इसे मस्जिद में नहीं ले गए। संजू कभी इसे चर्च में नहीं ले गए। संजू ने टूर्नामेंट में अहम भूमिका निभाई थी और उन्हें मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। यह ट्रॉफी हर धर्म के 14 लाख भारतीयों की है – किसी एक धर्म की जीत का जश्न मनाने की जगह नहीं! मैच की बात करें तो, न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। हालांकि, अभिषेक शर्मा (21 गेंदों में 52 रन, छह चौके और तीन छक्के सहित) की शानदार वापसी और रिकॉर्ड तोड़ अर्धशतकीय पारी तथा सैमसन के साथ उनकी 98 रन की साझेदारी ने न्यूजीलैंड को अपने फैसले पर पछतावा करने पर मजबूर कर दिया। बाद में, सैमसन ने ईशान किशन (25 गेंदों में 54 रन, चार चौके और चार छक्के सहित) के साथ शतकीय साझेदारी करते हुए भारत को 16वें ओवर में 200 रन के पार पहुंचाया। कुछ देर धीमी गति के बाद, शिवम दुबे (आठ गेंदों में 26' रन, तीन चौके और दो छक्के सहित) ने कुछ महत्वपूर्ण रन बनाकर भारत को 255ध्5 के स्कोर तक पहुंचाया, जो टी20 विश्व कप फाइनल में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

# संजू सैमसन ने प्लेयर आफ द टूर्नामेंट बनकर बनाया ये रिकार्ड, अब तक नहीं कर पाया कोई




संजू सैमसन पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने आईसीसी के पुरुष या महिला वर्ग के किसी टूर्नामेंट में अपनी टीम की तरफ से चार मैच नहीं खेलने के बावजूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार हासिल किया। उनसे पहले चार खिलाड़ी ही ऐसे थे, जिन्होंने अपनी टीम के सभी मैच नहीं खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। टीम इंडिया को तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका संजू सैमसन ने निभाई। सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन को इसका इनाम भी मिला। हाल में समाप्त हुए प्रतियोगिता में संजू सैमसन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब मिला। इसी के साथ उन्होंने एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर लिया।सैमसन पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने आईसीसी के पुरुष या महिला वर्ग के किसी टूर्नामेंट में अपनी टीम की तरफ से चार मैच नहीं खेलने के बावजूद प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार हासिल किया। उनसे पहले चार खिलाड़ी ही ऐसे थे, जिन्होंने अपनी टीम के सभी मैच नहीं खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। हालांकि, इन खिलाड़ियों ने अपनी टीम की तरफ से केवल एक–एक मैच नहीं खेला था। प्रतियोगिता के शुरू होने पर सैमसन रन बनाने के लिए जूझ रहे थे और इसलिए उन्हें शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में नहीं चुना गया था। उन्हें बीच में अभिषेक शर्मा के अस्वस्थ होने के कारण एक मैच खेलने का मौका मिला लेकिन उसके बाद उन्हें बाहर कर दिया गया था। सुपर आठ में साउथ अफ्रीका से बड़ी हार के बाद भारत ने अपनी शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की अधिकता को देखते हुए दाएं हाथ के बल्लेबाज सैमसन को मौका दिया और केरल के इस खिलाड़ी ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल की तरफ बने मैच में नाबाद 97 रन बनाए।

# गौतम गंभीर का बयान, आईपीएल 2026 के बाद शुरू होगी 2027 वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी




हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा कि आईपीएल 2026 सीजन के आखिर तक भारत के पास वनडे वर्ल्ड कप 2027 की योजना तैयार हो जाएगी। गंभीर का ये बयान उस दिन के बाद आया जब टीम इंडिया ने रविवार को न्यूजीलैंड को हराकर आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब जीत लिया।भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा कि आईपीएल 2026 सीजन के आखिर तक भारत के पास वनडे वर्ल्ड कप 2027 की योजना तैयार हो जाएगी। गंभीर का ये बयान उस दिन के बाद आया जब टीम इंडिया ने रविवार को न्यूजीलैंड को हराकर आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब जीत लिया।सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इंडिया ने एक बेहतरीन अभियान की शुरुआत की, जिसने टूर्नामेंट में महज एक हार के साथ टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। गंभीर ने बताया कि कोचिंग स्टाफ टूर्नामेंट के बाद आराम करेगा और फिर वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी शुरू करेगा। वहीं गंभीर ने बताया कि साउथ अफ्रीका, नामीबिया और जिम्बाब्वे में आयोजित होने वाले वर्ल्ड कप में कई उछाल भरी पिचें देखने को मिल सकती हैं। इसलिए टीम मैनजमेंट इन परिस्थितियों में अच्छा परफॉर्मेंस करने वाले खिलाड़ियों की पहचान करने और आईपीएल 2026 सीजन के अंत तक अपनी योजना और रणनीति को अंतिम रूप देने का काम करेगा। गौतम गंभीर ने बताया कि, आईपीएल खत्म होने के बाद 2027 वर्ल्ड कप की योजना शुरू होगी। 2026 आईपीएल और विश्व कप के बीच 25 से 30 वनडे मैच हैं। आजकल इस फॉर्मेट के मैच ज्यादा नहीं खेले जाते। जितनी जल्दी हम योजना बनाना शुरू करेंगे, उतना ही हमारे लिए बेहतर होगा। गंभीर ने आगे कहा कि, साउथ अफ्रीका क्रिकेट खेलने के लिए आसान जगह नहीं है। हमें टीम कॉम्बिनेशन पर काम करना होगा। उन खिलाड़ियों को चुनना होगा जो वहां की परिस्थितियों से परिचित हों।

# एलपीजी संकट पर सरकार का एकशन, सप्लाई की समीक्षा के लिए बनी

वाणिज्यिक एलपीजी की किल्लत से जूझ रहे होटल–रेस्तरां उद्योग की चिंताओं के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने आपूर्ति संकट की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की है। पश्चिम एशिया में भू–राजनीतिक तनाव के कारण आयात प्रभावित होने से सरकार घरेलू रसोई गैस आपूर्ति को प्राथमिकता दे रही है, जिससे यह संकट उत्पन्न हुआ है। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की अचानक किल्लत होने से होटल और रेस्तरां उद्योग में चिंता बढ़ने के बाद पेट्रोलियम मंत्रालय ने आपूर्ति से जुड़े मुद्दों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की है। मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि रेस्तरां, होटलों और अन्य उद्योगों को एलपीजी आपूर्ति से संबंधित मांगों की समीक्षा के लिए तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के तीन कार्यकारी निदेशकों की एक समिति बनाई गई है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण ईंधन आपूर्ति शृंखला पर बड़ा असर पड़ा है।ऐसे हालात में सरकार ने घरेलू रसोई गैस की आपूर्ति को प्राथमिकता दी है, जिससे बाजार मूल्य वाले वाणिज्यिक एलपीजी का उपयोग करने वाले होटल एवं रेस्तरां को आपूर्ति संकट का सामना करना पड़ रहा है। भारत में सालाना करीब 3.13 करोड़ टन एलपीजी की खपत होती है। इसमें लगभग 87 प्रतिशत हिस्सा घरेलू रसोई गैस का है जबकि बाकी का उपयोग होटल, रेस्तरां और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में होता है। देश की कुल एलपीजी जरूरत का करीब 62 प्रतिशत आयात से पूरा होता है। ईरान पर अमेरिका एवं इजराइल के संयुक्त हमले और फिर ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल एवं गैस आयात प्रभावित हुआ है।

# धुरंधर 2 एडवांस बुकिंग रिलीज से पहले हो रही मोटी कमाई, तोड़ा पेड प्रीव्यू का रिकार्ड, स्त्री 2 का तोड़ा रिकार्ड, अब ओजी को पछाड़ना बाकी



धुरंधर 2 की एडवांस बुकिंग के आंकड़े फिल्म इंडस्ट्री में जबरदस्त हलचल मचा रहे हैं. रणवीर सिंह स्टारर इस मोस्ट अवेटेड एक्शन सीक्वल ने रिलीज से पहले ही शानदार शुरुआत कर दी है. हालांकि फिल्म को सिनेमाघरों में आने में अभी कई दिन बाकी हैं, लेकिन शुरुआती टिकटों की बिक्री से पता चलता है कि दर्शक इस सीक्वल को लेकर बेहद एक्साइटेड हैं. धुरंधर द रिवेंज नामक यह फिल्म पिछले साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर का दूसरा भाग है. आदित्य धर द्वारा निर्देशित यह सीक्वल 19 मार्च, 2026 को वर्ल्डवाइड रिलीज होगी. फिल्म का पेड प्रीव्यू रिलीज से एक दिन पहले 18 मार्च को शुरू होगा. सैकनिल्क के अनुसार, भारत में प्रीमियर शो से धुरंधर 2 की एडवांस बुकिंग ने पहले ही 12.29 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है. फिल्म अब तक 2.06 लाख से अधिक टिकट बेच चुकी है. ब्लॉक सीटों को भी शामिल करने पर, प्रीमियर शो के लिए कुल कमाई लगभग 18.1 करोड़ रुपये तक पहुंची है. ये आंकड़े खासतौर से प्रभावशाली हैं क्योंकि फिल्म के प्रीमियर में अभी भी लगभग 9–10 दिन बाकी हैं. हंदी वर्जन में कमाई सबसे आगे है. लगभग 1.94 लाख टिकटों की बिक्री से इसने करीब 12.07 करोड़ रुपये कमाए हैं. तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में बुकिंग फिलहाल कम है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि रिलीज की तारीख नजदीक आने के साथ इन बाजारों में बुकिंग बढ़ सकती है.विदेशों में भी फिल्म ो लेकर जबरदस्त दिलचस्पी दिख रही है. अकेले अमेरिका में ही फिल्म के 550 से अधिक सिनेमाघरों में 38,500 से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं. अमेरिकी प्रीमियर से कुल कमाई लगभग 618,911 डॉलर तक पहुंच गई है, जो लगभग 5.15 करोड़ रुपये के बराबर है. ये आंकड़े फिल्म की वैश्विक स्तर पर जबरदस्त लोकप्रियता को दर्शाते हैं.फिल्म की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक यह है कि इसने बॉलीवुड प्रीमियर का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बना लिया है. पिछला रिकॉर्ड हॉरर–कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 के नाम था, जिसने अपने पेड प्रीव्यू शो से लगभग 10 करोड़ रुपये की कमाई की थी. धुरंधररू द रिवेंज ने सिर्फ एडवांस बुकिंग के जरिए ही इस आंकड़े को आसानी से पार कर लिया है.हालांकि, अगला बड़ा लक्ष्य इससे भी कहीं अधिक बड़ा है. भारत में पेड प्रीव्यू का रिकॉर्ड फिलहाल पवन कल्याण अभिनीत फिल्म ओजी के नाम है, जिसने अपने प्रीमियर शो से लगभग 25 करोड़ रुपये कमाए थे. ट्रेड विश्लेषक अब इस बात पर बारीकी से नजर रख रहे हैं कि क्या धुरंधर 2 प्रीव्यू शो शुरू होने तक इस मुकाम तक पहुंच पाएगी या इसे पार भी कर पाएगी.पहली फिल्म की अपार लोकप्रियता को देखते हुए इस तरह की जबरदस्त प्रतिक्रिया कोई आश्चर्य की बात नहीं है. पिछले साल दिसंबर में रिलीज हुई धुरंधर 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई. इसने पुष्पा 2रू द रूल को भी पीछे छोड़ते हुए अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म का रिकॉर्ड बना लिया. हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर ने भी फैंस के बीच उत्साह बढ़ा दिया है. यह फिल्म अंडरकवर एजेंट जसकिरत सिंह रंगी, उर्फ हमजा अली मजारी की कहानी को आगे बढ़ाती है. इस सीक्वल में, गैंगस्टर रहमान डकैत की मौत के बाद, कराची के लयारी के आपराधिक अंडरवर्ल्ड में उनके उदय को दिखाया गया है.


# लाहौर 1947 का बदला गया नाम? अब 13 अगस्त को बंटवारा 1947 टाइटल से रिलीज होगी सनी देओल की फिल्म



वॉर ड्रामा बॉर्डर 2 से सनी देओल ने बॉक्स ऑफिस पर खूब गदर मचाया. वहीं अब एक्टर आमिर खान प्रोडक्शन की फिलम से बड़े पर्दे पर फिस से धमाल मचाने की तैयारी कर रहे हैं. इस अपकमिंग फिल्म का नाम पहले लाहौर 1947 रखा गया था. लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म का टाइटल बदल दिया है. जानते हैं आमिर खान और सनी देओल स्टारर फिल्म का नया नाम क्या रखा जाएगा?राजकुमार संतोषी निर्देशित मच अवेटेड फिल्म श्लाहौर 1947च का टाइटल बदला जा रहा है. दरअसल फिल्म मेकर्स को चिंता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव के बीच लाहौर नाम जोड़ने से परेशानी हो सकती है.रिपोर्ट के मुताबिक, श्लाहौर 1947च का नाम बदलकर श्बटवारा 1947च कर दिया गया है. फिल्म का नाम बदलने का फैसला पिछले हफ्घ्ते लिया गया था क्योंकि टीम सिफ ʻलाहौर पर फोकस करने के बजाय 1947 के बंटवारे की दुखद घटना को दिखाने और एक बड़ी भावना दिखाना चाहती थीयसनी देओल ने बताया कि लाहौर 1947 का आइडिया कैसे आया. बॉर्डर 2 स्टार ने बताया, यह एक ऐसा सब्जेक्ट था जिस पर राजकुमार संतोषी और मैं सालों से बात कर रहे थे. हम इसे करने की कोशिश करते रहे. उन्होंने आगे कहा, जाहिर है, गदर के बाद यह मुमकिन हो गया. आमिर मेरे पास आए और कहा कि वह यह प्रोजेक्ट बनाना चाहते हैं. बाद में, सबने हां कह दी.फिल्म के बारे में बात करते हुए, सनी ने बताया था, सब्जेक्ट बहुत इमोशनल है. राजकुमार संतोषी और मैंने तीन इंटेंस फिल्में दी हैं. लाहौर 1947 में किरदारों में इंटेंसिटी और डेप्थ है. यह एक प्ले है जिसे अडैप्ट किया गया है. उम्मीद है, हम इसे जल्द से जल्द रिलीज करने की कोशिश करेंगे.असगर वजाहत के मशहूर प्ले जिस लाहौर नई देख्या, ओ जम्याई नी पर बेस्ड यह फिल्म पार्टीशन के समय की है. कहानी एक मुस्लिम परिवार के इर्द–गिर्द घूमती है जो लखनऊ से लाहौर माइग्रेट करता है और उसे एक हिंदू परिवार द्वारा खाली की गई हवेली अलॉट की जाती है. हालांकि, चीजें तब ड्रामैटिक मोड़ लेती हैं जब उन्हें पता चलता है कि हिंदू परिवार अभी भी घर में रह रहा है और जाने से मना कर रहा है.

# आलिया भट्ट और शरवरी वाग की स्पाई थ्रिलर अल्फा की बदली रिलीज डेट, अब 10 जुलाई को थिएटर में दस्तक देगी फिल्म

आलिया भट्ट और शरवरी की आगामी फिल्म अल्फा की नई रिलीज डेट का आखिरकार आ ही गई. इससे इसके सिनेमाघरों में रिलीज होने को लेकर महीनों से चल रही अटकलों का अंत हो गया है. पिछले कुछ महीनों से ऐसी खबरें आ रही थीं कि सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान से बॉक्स ऑफिस पर क्लैश से बचने के लिए फिल्म की रिलीज को स्थगित किया जा सकता है. कुछ अफवाहों में यह भी कहा गया था कि फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी और सीधे किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो जाएगी. हालांकि मेकर्स के नए एलान से इसकी पुष्टि हो गई है कि फिल्म सिनेमाघरों में ही रिलीज होगी. आलिया भट्ट की लंबे समय से अटकी फिल्म अल्फा अब 10 जुलाई 2026 को रिलीज होगी. यह फिल्म पहले दिसंबर 2025 और फिर अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी नई रिलीज डेट तय हो गई है.मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है, जिसमें आलिया भट्ट की एक झलक दिखाई गई, साथ ही फिल्म की स्टार कास्ट के बारे में आधिकारिक जानकारी भी दी गई, जिसमें शरवरी, अनिल कपूर और बॉबी देओल शामिल हैं.अल्फा को पहले क्रिसमस 2025 को रिलीज करने की योजना थी. बाद में, मेकर्स ने तारीख बदलकर 17 अप्रैल, 2026 कर दी. हालांकि, उसी तारीख को सलमान खान अभिनीत फिल्म बैटल ऑफ गलवान भी रिलीज होने वाली थी. बॉक्स ऑफिस पर सीधा टकराव से बचने के लिए, फिल्म मेकर्स ने अल्फा को आगे की तारीख में रिलीज करने का फैसला किया. अल्फा, यश राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स के पॉपुलर



हिस्से का हिस्सा है. इस फ्रेंचाइजी की पिछली फिल्मों में एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3 और वॉर 2 जैसी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्में शामिल हैं. हालांकि, अल्फा इस फ्रेंचाइजी की पहली फीमेल लीड वाली स्पाई थ्रिलर होगी, जिसमें आलिया भट्ट और शरवरी बड़े लेवल पर एक्शन सेट में हाई–ऑक्टेन स्टंट करेंगी.

## थलापति विजय की फिल्म जन नायकन फिर अधर में लटकी, स्थगित हुई स्क्रीनिंग

थलापति विजय पिछले कुछ समय से निजी और कामकाजी जिंदगी को लेकर खबरों में हैं। एक ओर, उनकी पत्नी संगीता सोरनालिंगम ने चेन्नई की एक अदालत में विजय से तलाक के लिए अर्जी लगाई है। वहीं दूसरी ओर, अभिनेता की फिल्म जन नायकन को एक और बड़ा



झटका लगा है। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की समीक्षा समिति द्वारा फिल्म की स्क्रीनिंग को अचानक स्थगित कर दिया गया है। बता दें, स्क्रीनिंग 9 मार्च को दोपहर 2 बजे होनी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, समीक्षा समिति के एक सदस्य के बीमार पड़ जाने के कारण जन नायकन की स्क्रीनिंग को अनिश्चितकाल के लिए रद्द करना पड़ा है। बताया जाता है कि निर्माता केवीएन प्रोडक्शन को कथित तौर पर 8 मार्च को पुनर्निर्धारित स्क्रीनिंग के बारे में आधिकारिक सूचना मिल गई थी, लेकिन इस अप्रत्याशित घटनाक्रम के कारण अचानक फैसला बदलना पड़ा। हालांकि, बोर्ड और निर्माताओं ने इस प्रक्रिया को लेकर चुप्पी साध रखी है। जन नायकन को 9 जनवरी, 2026 को रिलीज किया जाना था, लेकिन सेंसर बोर्ड द्वारा प्रमाण पत्र न मिलने के कारण यह अब तक अधर में लटकी है। इस बीच, कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद, फिल्म को जून में रिलीज किया जा सकता है। हालांकि, निर्माताओं की ओर से कोई मामले में आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बता दें, एच. विनोद द्वारा निर्देशित जन नायकन, विजय की आखिरी फिल्म है।

## श्रद्धा कपूर ने दोबारा शुरू की ईथा की शूटिंग, इस कारण लेना पड़ा था ब्रेक

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर अपनी आगामी फिल्म ईथा को लेकर काफी समय से चर्चा में हैं। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी रही फिल्म में अभिनेत्री को तमाशा कलाकार विथाबाई नारायणगांवकर के किरदार में देखा जाएगा। निर्माताओं ने फिल्म पर काम 2025 से शुरू कर किया था, लेकिन नवंबर में श्रद्धा ने शूटिंग से दूरी बना ली थी। हालांकि, अब श्रद्धा सेट पर वापस आ चुकी हैं। उन्होंने मुंबई के मलाड स्थित मार्वे बीच पर शूटिंग शुरू कर दी है। सूत्र ने बताया, टीम ने मार्वे बीच पर एक



गांव का सेट तैयार किया है। श्रद्धा के ठीक होने तक लक्ष्मण ने सेटों को वैसे ही रहने दिया। अब, उन्होंने एक डांस नंबर की शूटिंग शुरू की है, जिसमें श्रद्धा का किरदार मेले के बीच एक स्टेज पर परफॉर्म करता नजर आएगा। वैभवी मर्चेंट डांस नंबर की कोरियोग्राफी कर रही हैं। नवंबर, 2025 में शूटिंग करते वक्त श्रद्धा के पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया था। 1940 से 1990 के बीच घटित होने वाली ईथा फिल्म पंढरपुर में जन्मी कलाकार नारायणगांवकर की बायोपिक होगी जिसमें उनकी लोकप्रियता के शुरुआती अनुभव और उनकी आर्थिक तंगी के सफर को दिखाया जाएगा। इस समय नारायणगांवकर के 40 साल के दृश्यों की शूटिंग चल रही है जो फरवरी में पूरी होगी। इसके बाद, अभिनेत्री उन दृश्यों की शूटिंग करेंगी जिसमें 20 से 30 साल की उम्र वाले दृश्य शामिल हैं। इस चरण को अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य है।

# द केरल स्टोरी 2 ने दूसरे संडे को काटा बवाल, छापे धुआंधार नोट

अदिति भाटिया, ऐश्वर्या ओझा और उल्का गुप्ता की फिल्म द केरल स्टोरी 2रू गोज बियॉन्ड को रिलीज से पहले कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा था. विरोध प्रदर्शनों से लेकर कानूनी दांव–पेच तक, इस फिल्म ने साल 2023 में आई अपनी प्रीक्वल की तरह ही रिलीज से पहले कई उतार–चढ़ाव देखे. हालांकि, इन सब के बावजूद, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर पहले हफ्ते में जबरदस्त परफॉर्म किया और दूसरे वीकेंड पर तो इसने बवाल ही काट दिया. चलिए यहां जानते हैं द केरल स्टोरी 2च ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे संडे को कितना कलेक्शन किया है?द केरल स्टोरी 2च की शुरुआत बेशक धीमी हुई थी और लेकिन फिर इसने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा दम दिखाया कि हर कोई हैरान रह गया. इस फिल्म ने पहले हफ्ते में जबरदस्त कमाई करने के बाद रिलीज के दूसरे शनिवार तक अपना 28 करोड़ का पूरा बजट भी वसूल कर लिया. इसी के साथ ये फिल्म श्बॉर्डर 2च के बाद साल 2026 की दूसरी सक्सेसफुल फिल्म बन गई है और सेफ जोन में पहुंच गई है. वहीं रिलीज के 10वें दिन संडे को न्यूजीलैंड और भारत के बीच हुआ टी 20 वर्ल्डकप फाइनल मैच भी इसकी कमाई पर असर नहीं डाल सका.फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो द केरल स्टोरी 2च ने पहले हफ्ते में 22.9 करोड़ कमाए थे.इसके बाद 8वें दिन इसने 2.75 करोड़ और 9वें दिन 40 फीसदी की तेजी दिखाते हुए 3.85 करोड़ कमाए.वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक द केरल स्टोरी 2च ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे संडे को 3.18 करोड़ का कलेक्शन किया है. जिसके बाद इस फिल्म की 10 दिनों की कुल कमाई अब 32.68 करोड़ रुपये हो गई है.द केरल स्टोरी 2च साल की दूसरी सबसे बड़ी सक्सेसफुल फिल्म बन चुकी है. वहीं ये फिल्म साल 2026 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बॉलीवुड फिल्म बनने के लिए इक्कीस (36.25 करोड़) के घरेलू लाइफटाइम कलेक्शन का पीछा कर रही है. वहीं ये फिल्म दूसरे मंडे या दूसरे मंगलवार तक ये उपलब्धि भी हासिल कर लेगी. विपुल अमृतलाल शाह के निर्देशन में बनी इस फिल्म का बजट 28



करोड़ रुपये बताया गया है. महज 9 दिनों में इसने अपना पूरा बजट वसूल कर लिया है और भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हुई है. हालांकि, हिट का दर्जा हासिल करने के लिए इसे अपने इनवेस्टमेंट का दोगुना यानी 56 करोड़ रुपये कमाने होंगे. अगले 10 दिनों में धुरंधर 2 की रिलीज के साथ देखने वाली बात होगी कि श्केरल स्टोरी 2च ये उपलब्धि हासिल कर पाती है या नहीं.

# सनी के किरदार में शाहिद कपूर की वापसी, राज एंड डीके संग शुरू की फर्जी 2 की शूटिंग

साल 2023 की सुपरहिट वेब सीरीज फर्जी के दूसरे सीजन का इंतजार कर रहे फैंस के लिए बड़ी खबर है. एक्टर शाहिद कपूर ने ऑफिशियली फर्जी 2 की शूटिंग शुरू कर दी है. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक खास तस्वीर शेयर कर इस बात की जानकारी दी. इस फोटो में शाहिद कपूर, राज निदिमोरू और कृष्णा डीके यानी राज एंड डीके के साथ नजर आ रहे हैं. जैसे ही यह अपडेट सामने आया, सोशल मीडिया पर सीरीज को लेकर फिर से चर्चा तेज हो गई.शाहिद कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर की है, उसमें वह सेट पर राज एंड डीके के साथ दिखाई दे रहे हैं. फोटो के साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, फर्जी 2 डे 1... बैक एट इट! इसका मतलब हैं कि यह फर्जी 2 की शूटिंग का पहला दिन है. इस पोस्ट के सामने आते ही फैंस में उत्साह बढ़ गया. वहीं सीरीज के मेकर्स राज एंड डीके ने भी सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इस प्रोजेक्ट की ओर इशारा किया. उन्होंने करेंसी नोटों की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, राउंड 2 इन प्रोग्रेस. इससे साफ हो गया कि फर्जी का दूसरा सीजन अब बनना शुरू हो चुका है. लंबे समय से फैंस इस सीजन का इंतजार कर रहे थे और अब शूटिंग शुरू होने की खबर ने दर्शकों की उम्मीदों को और बढ़ा दिया है. बता दें, फर्जी का पहला सीजन फरवरी 2023 में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुआ था. यह एक क्राइम थ्रिलर कहानी थी, जिसमें शाहिद कपूर ने सनी नाम के एक कलाकार का



किरदार निभाया था. कहानी में दिखाया गया कि कैसे एक छोटा कलाकार हालात के चलते नकली नोटों के बड़े नेटवर्क में फंस जाता है. आठ एपिसोड वाली इस सीरीज में क्राइम, ड्रामा और डार्क ह्यूमर का दिलचस्प कॉम्बिनेशन देखने को मिला था और इसे दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली. इस सीरीज से शाहिद कपूर ने ओटीटी की दुनिया में अपना डेब्यू भी किया था. सीरीज में उनके साथ विजय सेतुपति, राशि खन्ना, के के मेनन, भुवन अरोड़ा, रेजिना कैसांद्रा और अमोल पालेकर जैसे कलाकार नजर आए थे.

## रवीना टंडन की लाडली राशा थडानी ने की नई शुरुआत, महादेव से मांगा आशीर्वाद



बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने आजाद फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा था। फिल्म तो बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफल न हुई लेकिन राशा ने अपने अभिनय और डांस की कला से लोगों को मुरीद बना लिया। जल्द ही वह अपनी दूसरी फिल्म लाइक लाइका के जरिए दर्शकों का दिल जीतते दिखाई देंगी, लेकिन इससे पहले उन्होंने एक नई शुरुआत की है। इसके लिए राशा महादेव की शरण में पहुंची और उन्होंने भगवान से आशीर्वाद लिया।राशा ने अपनी आगामी फिल्म लाइक लाइका के गाने छाप तिलक से गायन के क्षेत्र में कदम रखा है। उनका यह गाना यूट्यूब पर जारी किया गया है, जिसे लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलती दिखाई दे रही है। गाने की रिलीज के बाद, राशा महादेव का आशीर्वाद लेने और उन्हें गाने को समर्पित करने के लिए मंदिर पहुंची। उन्होंने महादेव की भक्ति में लीन होते हुए कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं।राशा की आगामी फिल्म लाइक लाइका इसी साल 2026 की गर्मियों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में उनके साथ मुंज्या वाले अभय वर्मा मुख्य किरदार में नजर आएंगे। निर्माताओं ने फिल्म के पोस्टर पहले ही जारी कर दिए हैं। सौरभ गुप्ता द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म का निर्माण भावना दत्ता तलवार और राघव गुप्ता ने मिलकर किया है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।